नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 307 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 14 सितंबर 2022

पेज -3 पर सरायपाली में अग्रसेन जयंती को लेकर व्यापक उत्साह ...

धरमजयगढ़ आगमन पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2022 ( 26 सितंबर से 05 अक्टूटर 2022 तक)

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, विश्व कम्प्यूटर 07766-299002, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, शिवम मोबाईल बस स्टैण्ड, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुड़ूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योति कलश



601/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### नयी तिथि को होगा दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायता उपकरण का वितरण - सरोज पांडेय



**दुर्ग।** राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय जी ने आज प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्म दिन 17 सितम्बर सेवा सुशासन के रूप में मनाने दिव्यांगजनो व वृद्धजनों को उनके जरूरत की सामग्री वितरण करने दिनांक 01 -09 -2022 व् 02 -09 -2022 को दुर्ग एवं भिलाई में दो दिवसीय चिकित्सा परीक्षण व पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे वृद्ध व दिव्यांगजनों ने पुरे दुर्ग जिले से पंजीयन कराया था ।

# जल, जंगल, जमीन आदिवासियों के जीवन का प्रमुख अंगः राज्यपाल उइके

राज्यपाल सुश्री उइके दो दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन में हुईं शामिल

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन के समापन अवसर पर शामिल हुईं।







राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आदिवासी समाज लंबे समय से विकास की मुख्य धारा से वंचित रहे, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में सकारात्मक बदलाव आए हैं। संविधान में आदिवासी समुदायों को कई अधिकार दिए गए हैं। साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं ने भी जनजातियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, जिससे आदिवासियों को कई अधिकार मिले हैं, परंतु आज भी आदिवासियों को अपेक्षित अधिकार नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन आदिवासियों के जीवन के प्रमुख अंग हैं।

# देवारी तिहार पर किसानों को मिलेगी राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त

चपले के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।









मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा के ग्राम चपले में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आम जनता से रू-ब-रू होकर राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में देवारी तिहार पर किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जमीन की गुणवत्ता और उर्वरता को बनाए रखने के लिए किसानों से वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट बन रहा है। इसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाना चाहिए। इसके पहले मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत की।

- अच्छी फसल के लिए किसानों से वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने की अपील
- मुख्यमंत्री ने आम जनता से ली राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी

### मुख्यमंत्री ने की अनेक बड़ी घोषणाएं

चपले के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने चपले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने, काली माता मेला के प्रतिवर्ष आयोजन हेतु 10 लाख रूपए की स्वीकृति, पुलिस सहायता केन्द्र चपले का पुलिस चौकी में उन्नयन, कोतरा में पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना, चपले में नवीन सामुदायिक भवन एवं पीडीएस भवन का निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरसिया में सोनोग्राफी एवं सीटी स्कैन जांच की सुविधा, खरसिया में बालक बालिक ओबीसी छात्रावास का निर्माण, नहरपाली समपार में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति सहित ग्राम-चपले में चार स्थानों में सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति की घोषणा की। मुख्यमंत्री के चपले हेलीपैड पर पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। हरदिया मरार पटेल समाज ने मुख्यमंत्री को सब्जियों से तौल कर जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। भेंट-मुलाकात स्थल में स्थानीय महिलाओं ने छिंद पत्ते से बने मुकुट को पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री को बांस से बने मुकुट पहनाकर और मांदर भेंट कर सम्मानित किया।



# जम्मू-कश्मीर में फंसे छत्तीसगढ़ के मजदूरों की गुहार

21 परिवार के 40 बच्चे और 50 महिला-पुरुष बंधक, ईंट भट्ठे का मालिक जबरदस्ती करा रहा मजदूरी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के 20 परिवार जम्मू-कश्मीर में बंधुआ मजदूरी करने को मजबूर हैं। बडगाम जिले चडूरा थाना क्षेत्र के मगरेपुरा गांव में ये सभी ईंट भट्ठे में काम कर रहे हैं, जहां के मालिक ने उन्हें बंधक बना लिया है। इन्होंने वीडियो बनाकर जांजगीर-चांपा जिले में स्थित अपने परिवार और प्रशासन को भेजा है, और इन सबको वहां से निकालने की अपील की है।



इन 21 परिवारों में 40 बच्चे और 50 महिला-पुरुष शामिल हैं, जो इलाके के ईंट भट्ठे (मार्का 191) में बंधुआ मजदूरी कर रहे हैं। 20 के अलावा एक परिवार बलौदाबाजार जिले का भी है, जिन्होंने रेस्क्यू करने की अपील की है। नेशनल कैंपेन कमेटी फॉर इरेडिकेशन ऑफ बॉन्डेड लेबर ने 9 सितम्बर 2022 को बडगाम जिले के डिप्टी कमिश्नर से इस बात की शिकायत की थी, जिसके बाद डिप्टी कमिश्नर ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया, लेकिन 3-4 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक जम्मू-कश्मीर से मजदूरों को रिहा नहीं कराया जा सका है।

जांजगीर-चांपा कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा को भी 9 सितंबर 2022 को शिकायत पत्र ईमेल के माध्यम से भेजा गया, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। बंधुआ मजदूर मायावती ने बताया कि हम सभी अनुसूचित जाति के मजदूर हैं और हमें मई 2022 में बड़गाम जिले में लाया गया। यहां हमें 10,000 रुपए एडवांस देकर फंसा लिया गया। हरेक परिवार के मजदूरों यहां तक कि उनके बच्चों ने भी दिनरात काम करके कर्ज उतार दिया, लेकिन अब ईंट भट्ठे का मालिक उनसे 10,000 की एवज में सालभर काम करवाना चाहता है।



छत्तीसगढ़ के 21 परिवार बंधुआ मजदूरी करने को मजबूर।

वीडियो में मजबूर बता रहे हैं कि, वे लगातार ईंट बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उनका हिसाब नहीं बताया जा रहा है। उन्हें उनका वेतन भी नहीं मिल रहा। एक मजदूर ने बताया कि उसने 90 हजार ईंट बनाई, जिसकी कीमत 81,000 रुपए हुई और उसे 4 महीने में केवल 15 हजार रुपए खर्च करने के लिए मिला, बाकी का पैसा मालिक ने उन्हें नहीं दिया। इसलिए वो अब अपने परिवार सहित छत्तीसगढ़ जाना चाहते हैं।

# आम नागरिकों का काम समय पर होना सुनिश्चित करें-मुख्यमंत्री

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज लैलूंगा में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अनेक सुविधाएं दी जा रही है। सप्ताह में 5 कार्य दिवस कर दिया गया है। एक अतिरिक्त दिवस की छुट्टी दी जा रही है। पुराने पेंशन लागू कर बुढ़ापे का सहारा दिया जा रहा है। जब मुख्यमंत्री आए तभी काम करना है यह धारणा हटानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों, जनता का काम समय पर होना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और बेहतर ढंग से काम करते हुए शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कर जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, विधायक चक्रधर सिंह सिदार, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव डॉ.एस भारतीदासन, कलेक्टर रानू साहू, पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे।



### सड़कों की हालत खराब, ठीक करिए

मुख्यमंत्री ने जिले में कई सड़को की हालत जर्जर होने की बात कहते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सड़क के मरम्मत के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ने उन्हें बताया कि स्वीकृत सभी सड़को में बारिश के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### खुद को सुधारिए, नहीं तो कार्यवाही होगी

मुख्यमंत्री बघेल ने लैलूंगा में आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से मिली शिकायत के आधार पर क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार और सीएमओ से सवाल किया कि आप लोग आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के कार्यों को समय पर करें। आप लोगों की शिकायत है कि समय पर कार्यालय भी नहीं पहुँचते। मुख्यमंत्री के सवाल का जवाब देते हुए एसडीएम सहित अधिकारियों ने अपने कार्यों में सुधार लाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। कार्यशैली में सभी सुधार लाए, नहीं तो कार्यवाही की जाएगी।

### शिक्षा का स्तर बढ़ाइये

मुख्यमंत्री ने जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का नियमितीकरण के साथ अन्य सुविधाएं दी जा रही है। लगातार शिक्षकों की विद्यालय में उपस्थिति, अध्यापन, मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। इसलिए इसे बेहतर बनाइये।

### गौठान, वन अधिकार पत्र, धान खरीदी, हाथी मूवमेंट सहित जाति प्रमाणपत्र की भी की समीक्षा

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लैलूंगा क्षेत्र में जाति प्रमाणपत्र वितरण की जानकारी ली और समय पर वितरण के निर्देश एसडीएम, तहसीलदार को दिए। उन्होंने जिले में गौठान संचालन, गोबर खरीदी, स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने किए जा रहे कार्यों, सब्जी उत्पादन, नरवा, वन अधिकार पत्र वितरण, हाथी विचरण, धान खरीदी और पटवारियों की मुख्यालय में समय पर उपस्थिति की जानकारी ली।

# टी शर्ट–निक्कर के बजाए राहुल के नेतृत्व की प्रामाणिकता ज्यादा अहम

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत को जोड़ने और देश की आत्मा के अन्वेषण के जिस मकसद से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा पर निकले हैं, उसके बीच कपड़ों की घटिया राजनीति समूची यात्रा को लक्ष्य से भटकाएगी है। हालांकि इसकी शुरूआत भी भाजपा ने ही राहुल की कथित मंहगी टी शर्ट को लेकर की थी, तो जवाबी हमले में कांग्रेस ने भाजपा की मातृ संस्था आरएसएस का गणवेश रही निक्क र पर ही हमला बोल दिया। हालांकि खुद आरएसएस ने अब उसे पहनना छोड़ दिया है, लेकिन लगता है कि कांग्रेस के मानस में अभी भी उसकी छह साल पुरानी छवि कायम है।

कांग्रेस के अधिकृत ट्विटर हैंडल से जलती हुई खाकी निक्कर की तस्वीर वायरल करना संघ और भाजपा को भड़काने वाला था, वही हुआ भी। कांग्रेस ने कमेंट किया कि संघ देश को जलाने का काम करता रहा है। इसका ठेठ जवाब यह आया कि कांग्रेसियों के बाप–दादा भी संघ को नहीं रोक पाए तो ये क्या रोकेंगे। भाजपा ने पलटवार में कांग्रेस से सवाल किया कि– क्या वो देश में हिंसा चाहती है? भारतीय राजनीति में अगर सत्ता में मिले तो हर पार्टी हिंसा का औचित्य भी ढूंढ लेती है। इसलिए यह कहना कि फलां पार्टी ही हिंसा की नसैनी पर सत्ता की सीढ़ी चढ़ना चाहती है, अर्द्ध सत्य होगा, लेकिन यहां असल मुद्दा राहुल गांधी की महंगी टी शर्ट अथवा आरएसएस की निक्कर नहीं है। अगर इसे फोकस में लाया जाता है तो इसका संदेश यही जाएगा कि यात्रा अपने मूल उद्देश्य से भटक रही है। इसमें दो राय नहीं कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले देश में लड़खड़ा रही कांग्रेस को फिर से खड़ा करना, पार्टी में राहुल गांधी की सत्ता को पुनर्स्थापित करना और संभव हुआ तो अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल के चेहरे को प्रोजेक्ट करना इस चार माह की यात्रा का राजनीतिक उद्देश्य है। इसमें भावना भी है और पार्टी की भाग्य रेखा को बांचना भी है। इस अर्थ में यह यात्रा अपने लक्ष्य की प्राप्ति में कितनी सफल होती है, यह यात्रा को मिलने वाले जनसमर्थन और स्वयं राहुल के एटीट्यूड पर निर्भर करता है। यह अपने आप में विरोधाभासी है कि वो एक तरफ पैदल यात्रा भी कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उन्हें क्या करना है या भविष्य में वो करने वाले हैं, इसके पत्ते खोलने में भी झिझक रहे हैं। हो सकता है यह उनकी रणनीति का


भारत जोड़ो यात्रा

*यह सही है कि राहुल बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई जैसे शाश्वत मुद्दे उठा रहे हैं, लेकिन इन्हें चुनावी मुद्दों में बदलना टेढ़ी खीर है। अगर वो ऐसा कर पाए तो बहुत बड़ी बात होगी। भारतीय राजनीति में जनता के जीवन से जुड़े मुद्दे कभी चुनाव जिताऊ मुद्दों में तब्दील नहीं हो पाते। केवल एक बार 1971 में ऐसा हुआ कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' का लुभावना नारा देकर भारी बहुमत से लोकसभा चुनाव जीता, लेकिन उसके पीछे और भी दूसरे बहुत से कारण थे।*

हिस्सा हो या फिर उनके अस्थिर मानस की एक और दुविधा हो, लेकिन जब तक वो इस महत्वाकांक्षी यात्रा में साफ–साफ अपने इरादों को संकल्प को व्यक्त नहीं करेंगे, देश का जनमानस इस यात्रा को बहुत संजीदगी से शायद ही लेगा। सांकेतिक शब्दावली में मनोभाव और संकल्प जताने का जमाना गया। अब तो झूठ भी इतने जोर से बोला जाता है कि उसकी ध्वनि तरंगे सच की तरह महसूस होने लगती हैं। इस डीजे का वॉल्यूम ऐसे सेट किया जाता है कि लोग झूठ या अर्द्धसत्य पर भी मदहोशी में नाचने लगते हैं। ऐसे में राहुल को अपनी भारत यात्रा और स्वयं के राजनीतिक रोड मैप को भी जनता के सामने खुलकर सामने रखना होगा। आज देश बंट रहा है, यह सत्य है, लेकिन देश टूट रहा है, यह अर्द्ध सत्य है। कुछ लोगों का मानना है देश का मानसिक बंटवारा ही उसके भौगोलिक बंटवारे की बुनियाद बनेगा, लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि यह 1947 नहीं है, जब देश पर विदेशी सत्ता काबिज थी और गुलाम देश का भविष्य उसी के हाथ में निहित था। इसलिए स्वतंत्र भारत की कोई सी भी राजनीतिक पार्टी या समूचा समाज देश के बंटवारे को सपने में भी स्वीकार नहीं करेगा। अब रहा सवाल देश में प्रतिरोध के स्वर दबाने का, तो इसमें कुछ सच्चाई है, लेकिन ऐसा पहले कभी नहीं हुआ यह कहना भी सही नहीं है। केवल उसका तरीका बदल गया है। उनकी यात्रा के नक्शे को देखें तो जिन 12 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों से यह यह गुजरने वाली है, उनमें से पांच राज्य भाजपा शासित हैं और एक केन्द्रशासित और एक पूर्ण राज्य में आम आदमी पार्टी का शासन है। कांग्रेस शासित राज्य केवल राजस्थान है, जहां से होकर यह यात्रा निकलेगी। इस हिसाब से यह यात्रा दक्षिण से उत्तर को तो जोड़ेगी। लेकिन पश्चिम से पूर्व को जोड़ने का इसमें प्रावधान नहीं है (शायद आगे हो)। बेशक सुदीर्घ यात्राएं भारत को समझने में हर किसी की मददगार रही हैं। राजनेताओं से लेकर संतों तक और कलाकारों से लेकर यायावरों तक। महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने के पहले समूचे भारत की यात्रा की। स्वामी विवेकानंद ने की। हाल के वर्षों में चंद्रशेखर और बाबा आमटे ने भी कीं। इस अर्थ में राहुल गांधी को ऐसी यात्रा पर बहुत पहले ही निकल जाना था। पिछला लोकसभा चुनाव हारने के बाद उनके लिए जनता से जुड़ने और देश की आत्मा से साक्षात्कार का बेहतरीन मौका था। तब उसके राजनीतिक उद्देश्यों पर सवाल भी कम उठते। लेकिन उस वक्त उन्होंने केवल पद से इस्तीफा देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली, जबकि राजनीतिक रण में हार–जीत चलती रहती है

– अजय बोकिल

## संपादकीय

# गुलाम नबी नहीं गुलाम अली को राज्यसभा

जम्मू कश्मीर के गुलाम अली को केंद्र सरकार ने राज्यसभा में मनोनीत करने का फैसला किया है। शनिवार की शाम को जैसे ही गुलाम अली के नाम की घोषणा हुई वैसे ही सोशल मीडिया में यह चर्चा शुरू हो गई कि गुलाम नबी को कांग्रेस छोड़ने का इनाम मिल गया और सरकार ने उनको राज्यसभा में मनोनीत कर दिया। हालांकि देर रात तक यह स्पष्ट हो गया कि राज्यसभा के लिए मनोनीत हुए सज्जन का नाम गुलाम अली है और उनका गुलाम नबी आजाद से कोई लेना देना नहीं है। बहरहाल, गुलाम अली का राज्यसभा के लिए मनोनयन बहुत बड़ी बात है। यह भाजपा के मिशन कश्मीर का हिस्सा है। गुलाम अली जनजातीय समाज से आते हैं। वे गूजर मुस्लिम हैं, जिसकी आबादी जम्मू कश्मीर में बहुत बड़ी है। भाजपा पिछले कुछ समय से जम्मू कश्मीर में लगातार अपना वोट आधार बढ़ाने के प्रयास कर रही है। पार्टी इस कोशिश में लगी है कि अगले चुनाव से पहले वह जम्मू और कश्मीर घाटी दोनों जगह अपनी स्थिति मजबूत करे। उसको परिसीमन के जरिए सीटें बढ़ने का फायदा है तो प्रवासी मतदाताओं को वोटिंग का अधिकार मिलने का भी उसको फायदा है। परिसीमन के जरिए राज्य में नौ सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित की गई हैं। गुलाम अली ऐसी ही अनुसूचित जनजाति से आते हैं। राज्य में गूजर मुस्लिमों की आबादी कोई 15 लाख के करीब है।

# राष्ट्रीय एकता का सूत्र है हिंदी

किसी भी देश की पहचान उसकी भौगोलिक स्थिति के साथ ही उसकी अपनी भाषा से भी होती है। कारण, किसी देश की विशेषताओं का वर्णन उसकी भाषा में जिस रूप में मिलती है, वह दूसरी भाषा से नहीं हो सकती है। भाषा सिर्फ अभिव्यक्ति का ही माध्यम नहीं होती है, वह राष्ट्रीयता का भी प्रतिनिधित्व करती है। कहा गया है कि वही भाषा जीवित रहती है, जिसका प्रयोग जनता करती है। भारत में लोगों के बीच संवाद का सबसे बेहतर माध्यम हिन्दी है।

इसलिए इसको एक–दूसरे में प्रचारित करना चाहिये। इस कारण हिन्दी दिवस के दिन उन सभी से निवेदन किया जाता है कि वे अपने बोलचाल की भाषा में भी हिंदी का ही उपयोग करें। हिंदी भाषा के प्रसार से पूरे देश में राष्ट्रीय एकता की भावना और मजबूत होगी।

भारत दुनिया में सबसे ज्यादा विविध संस्कृतियों वाला देश है। धर्म, परंपराओं और भाषा में इसकी विविधताओं के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भाषाई विविधता के बीच एकता का सूत्र हिंदी ही है, जो भारत की सबसे प्रमुख भाषाओं में शामिल है। भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में हिंदी भाषा तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में हिंदी को



14 सितम्बर हिन्दी दिवस पर विशेष

हमारे देश में सर्वोच्च दर्जा प्राप्त हुआ और तब से हिंदी को हमारी राष्ट्रभाषा माना जाता है। भारतीय संविधान के आधार पर, अनुच्छेद 343 के अनुसार, हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था। हमारी भाषा हिंदी और देश के प्रति सम्मान दिखाने के लिए ही प्रति वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। भारत सदैव से विश्व गुरु माना गया है, बीच में कुछ कालखंड ऐसे रहे जहां भारत अपनी राजनीतिक परिस्थितियों में घिर गया था। किंतु, वह आज फिर विश्व गुरु बनने की राह पर चल पड़ा है।ठीक इसी प्रकार हिंदी की पकड़ विश्व स्तर पर हो गई है। इसके पाठकों के माध्यम से हिंदी भाषा का विस्तार हो रहा है। आज विदेशी लोग भी व्यापार करने के लिए भारत की ओर ताक रहे हैं। ऐसी स्थिति में वह हिंदी भाषा का गहन अध्ययन कर रहे हैं। आए दिन शोध में यह पाया जा रहा है कि हिंदी भाषा का निरंतर गुणात्मक रूप से विकास हो रहा है। अत: इनकी आबादी और पाठकों की संख्या अधिक होने के कारण विदेशी भी भारत की ओर अपनी संभावनाएं तलाश रहे हैं। आज के तकनीकी युग में अंग्रेजी और चीनी भाषा के बाद हिंदी ही सबसे लोकप्रिय भाषा मानी जा रही है। हिंदी भाषा और साहित्य की वर्तमान में वैश्विक स्तर पर मांग बहुत बढ़ गई है। हिंदी भाषा और साहित्य व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हुआ है । उसमें हर्ष, विषाद, संवेदना सभी प्रकार के भाव निहित होते हैं। हिंदी साहित्य मानवीय संवेदनाओं को प्रकट करने में सक्षम है। इस भाषा और साहित्य को पढ़कर यह महसूस करते हैं कि यह हूबहू हमारे सामने हमारी आंखों के दृश्य को प्रकट कर रहा है।कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थ के कारण हिंदी और भारतीय भाषाओं के बीच विभेद पैदा करना चाहते हैं, ताकि क्षेत्रीय भावना उभारकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकते रहें। सच्चाई तो यह है हिंदी को भारतीय भाषाओं से मजबूती मिली है और भारतीय भाषाओं को खूबसूरती हिंदी से मिली है। हिंदी को किसी भाषा से विरोध नहीं है, बल्कि हिंदी और भारतीय भाषाएं एक दूसरे के पूरक हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली सरकार में बनी नई शिक्षानीति में सभी भारतीय भाषाओं को समुचित स्थान दिया गया है। अब छात्र चिकित्सा और अभियंत्रण की पढ़ाई भी हिंदी और अपनी–अपनी मातृभाषाओं में कर सकेंगे। वैसे तो हिंदी के विकास और सम्मान की बात हर कोई करते रहे, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से इसका सम्मान और स्थान जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी ने ही दिया है।

**डॉ. राकेश मिश्र**

## मिला जुला

# विटामिन-ए,आईएफए सिरप पिला कर शिशु संरक्षण माह का हुआ शुभारंभ

### एसएसएम माह में भी होगी कुपोषित बच्चों की पहचान

जोहार छत्तीसगढ़–रायपुर।

बच्चों के सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के उद्देश्य से शिशु संरक्षण माह की शुरुआत की गई है। माह भर चलने वाले शिशु संरक्षण माह एसएसएम का शुभारंभ विधायक सत्यनारायण शर्मा के द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक द्वारा भनपुरी के हमर अस्पताल में बच्चों को विटामिन–ए सिरप और आईएफ ए आयरन फ ोलिक एसिडद्ध पिलाई गई। इस सम्बन्ध में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.प्रणव वर्मा ने बताया। इस अभियान के दौरान जिले के 9 माह से 5 वर्ष तक के अनुमानित 2.72 लाख बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलाई जाएगी। साथ ही 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आईएफ ए आयरन फ ोलिक एसिड, सिरप पिलाने का अनुमानित लक्ष्य 2.91 लाख रखा गया है। इसके लिए शिशु संरक्षण एसएसएम को 10 सत्रों में आयोजित किया जाएगा। जोकि






प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को होगा। जिला टीकाकरण अधिकारी ने सभी पालकों से अनुरोध किया है कि वह 13 सितंबर से 14 अक्टूबर तक चलने वाले शिशु संरक्षण माह के दौरान 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सत्र स्थल पर लेकर अवश्य पहुंचे। साथ ही एएनएम और मितानिन को भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। सत्र स्थल पर किसी बच्चे का वजन मानक वजन से कम होने की स्थिति में उसको तुरंत पोषण पुनर्वास केंद्र भेजकर सुपोषित करने का कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कार्यालय से डीके बंजारे सांख्यिकी अधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक अंशुल थुदगर, स्वतंत्र राहंगडाले, राज यदु, एवं न्यूट्रिशन इंटरनेशनल के आशीष सिंह, यूपीएचसी के समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उपस्थित रहीं।

### इन तिथियों पर आयोजित होंगे सत्र

दस सत्रों के लिये चलने वाला यह अभियान, 13 सितंबर, 16 सितंबर, 20 सितंबर, 23 सितंबर, 27 सितंबर, 30 सितंबर, 04 अक्टूबर, 07 अक्टूबर, 11 अक्टूबर,14 अक्टूबर, को ऑगनबाड़ी केन्द्र पर कोविड नियमों के पालन करते हुए संचालित किया जाएगा।

### क्यों जरूरी है विटामिन–ए और आईएफए सिरप

विटामिन–ए से भरपूर भोजन का नियमित सेवन हमारे शरीर के समुचित कार्य और विकास में मदद करता हैए जो हमारी त्वचाए आंखों और दांतों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। विटामिन ए हड्डियों के विकास को बढ़ावा देता है। बीमारियों से लड़ता है और रोग प्रतिरोधक प्रणाली को भी मजबूत बनाता है। इसके अलावा यह शिशु को संक्रमण से लड़ने, नेत्रों की रोशनी को स्वस्थ रखने, और मजबूत दांत पाने में मदद करता है। वहीं आईएफ ए शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर सही रखता हैद्य हिमोग्लोबिन के लिए शरीर में आयरन, फ ोलिक एसिड, विटामिन–सी प्रोटीन और विटामिन बी 12 की मात्रा ठीक होनी चाहिए। ये शरीर के जरूरी तत्व हैं और इनमें से किसी को भी शरीर खुद नहीं बना सकता। अगर भोजन में इनमें से किसी भी तत्व की कमी हो तो शरीर में हीमोग्लोबिन कम हो जाता है और शरीर में पीलापन आ जाता है। इन सब कमी को दूर करने के लिए आईएफ ए बच्चों को दिया जाता है। ताकि बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता और शरीर में हुए विटामिन की कमी को पूरा किया जाए।

# शिशुओं को विटामिन, की खुराक पिलाने को अभियान शुरू

### बच्चों को रतौंधी और एनीमिया से बचाव के लिए दी जाएगी विटामिन–ए

जोहार छत्तीसगढ़–जगदलपुर।

जिले में 13 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक चलने वाले शिशु संरक्षण माह की शुरुआत हो गयी है। इस दौरान जिले के 75,000 से अधिक बच्चों को विटामिन–ए और लगभग 98,000 बच्चों को आयरन सीरप की खुराक दी जायेगी। प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन संबंधी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के तहत बच्चों को रतौंधी और एनीमिया से बचाव के लिए विटामिन–ए तथा आयरन फ ोलिक एसिड सिरप पिलाया जाएगा। इस सम्बन्ध में सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा, शितग्राही माताएं निर्धारित समय में केंद्रों पर पहुंचकर अपने बच्चे को विटामिन–ए की खुराक अवश्य पिलाएं। विटामिन–ए की दवा से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता व मानसिक विकास में वृद्धि एवं आंख में रात में होने वाले अंधापन





**शिशु संरक्षण माह का आयोजन 13 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक**

नाइट ब्लाइंडनेस की रोकथाम में मदद मिलती है। साथ ही इसके नियमित सेवन से कुपोषण में कमी भी आती है। विटामिन–ए की कमी से बच्चे लगातार बीमार पड़ सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को शत–प्रतिशत विटामिन–ए की खुराक पिलाई जाएगी। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया सभी टीकाकरण केन्द्रों में शिशु संरक्षण माह के दौरान नौ माह से एक वर्ष तक के सभी बच्चों को एक एमएल ए एवं एक वर्ष से पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को दो एमएल विटामिन ए की खुराक दी जा रही है साथ ही 06 माह से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड सिरप दी भी जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री ने बताया, शिजले में शिशु संरक्षण माह के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारी पहले ही पूर्ण की जा चुकी है। सभी हितग्राहियों को इस सेवा से जोड़ा जाना है। शिशु संरक्षण माह में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य विभागों से समन्वय कर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की गई है जिसमें प्रमुख भूमिका मितानिन, आगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका एवं एएनएम की रहेगी। इस दौरान बच्चों का वजन भी लिया जाएगा। जिससे कुपोषित।

# राइस मिलर भुगतान नहीं मिलने से परेशान किसानों ने घेरा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और मंडी कार्यालय

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुन्द।

जिले में तीन चार सालों से अलग अलग व्यापारियों द्वारा किसानों से लिए गए धान का भुगतान नही होने से खासे परेशान है। पिछले दिनों आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान कन्हारपुरी के 65 वर्षीय किसान कांतिलाल साहू ने कीटनाशक दवाई सेवन कर आत्महत्या कर लिया था। मृतक किसान कांतिलाल साहू को श्रद्धांजलि देने और बकाया राशि की भुगतान की मांग को लेकर क्षेत्र के किसान छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ एवं किसान भुगतान संघर्ष समिति महासमुंद के बैनर तले कृषि उपज मंडी समिति महासमुंद प्रांगण में एकजुट हुए और सभा पश्चात किसान नेता एवं जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर, किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य तेजराम विद्रोही, किसान सुरेश चन्द्राकर, प्रवीण चन्द्राकर, पवन चन्द्राकर, बिसहत चन्द्राकर, तिलक साहू,के नेतृत्व में रैली निकालकर कृषि उपज मंडी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर कलेक्टर के हाथों राज्यपाल, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर, संयुक्त सचिव छ.ग. शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय रायपुर को पत्र सौंपा। पत्र में कहा है कि कृषि उपज मंडी समिति महासमुन्द क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा किसानों से



सीधे धान खरीदी कर मंडी प्रशासन की मिलीगत से फ र्जी सौदा पत्रक काटकर किसानों को आर्थिक रुप से लूटा जा रहा है और मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा है। समय रहते प्रशासनिक रुप से सुनवाई कर उसका निराकरण नहीं किया गया है।

जिसका ताजा परिणाम है कि कन्हारपुरी निवासी 65 वर्षीय मृतक किसान कांतिलाल साहू को व्यापारी बजरंग अग्रवाल द्वारा राषि 366826. रुपये देयक शेष है। महामाया एग्रोटेक एवं सांई कृपा राईस मील के संचालक तेजप्रकाश चन्द्राकर व साझेदार रत्ना चन्द्राकर ग्राम साराडीह महासमुन्द द्वारा 57 किसानों का भुगतान राषि 16175282/ रुपये बकाया है। इसी प्रकार राकेश चौहान पिता बुधराम चौहान चण्डी मेडिकल बागबाहरा ने चेक द्वारा फ र्जीवाड़ा कर 19 किसानों का भुगतान राशि 6188650.50 रुपये बकाया है। जसवंत साव, रोहित साव, साधुराम साव ग्राम देवसरालए विकास खंड पिथौरा द्वारा 77 किसानों से खरीदी गई धान की राशि करीब एक करोड़ रुपये बकाया है। गुरु तेगबहादुर राईस मिल कोसरंगी के संचालक सन्नी लुनिया द्वारा नारतोरा भटगांव निवासी किसान पुरुषोत्तम साहू का ब्याज की राशि बाकी है। सभी प्रकरणों की जानकारी लिखित रुप में कृषि उपज मंडी समिति महासमुन्द, मंडी बोर्ड रायपुर और जिला कलेक्टर महासमुन्द को अवगत है। इन सभी प्रकरणों को 03 से 04 साल बीत गया है जिसका भुगतान आज तक नहीं किया गया है।

# फूलझर क्षेत्र में जमीन माफिया की एक और करतूत

## लकवा पीड़ित वृद्ध की बेशकिमती जमीन का फर्जी बैनामा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के सरायपाली विकास खण्ड के ग्राम गढ़फुलझर निवासी 80 वर्षीय लकवा ग्रस्त वृद्ध की बेशकीमती जमीन को औने.पौने दाम पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने का मामला सामने आया है। भू-माफि या जमीन दलाल एवं राजस्व अफसरों के गठजोड़ के आगे बेबस परिवार न्याय के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाता फिर रहा है। बावजूद उन्हें अब तक न्याय नहीं मिल पाई है। यहां तक उन्हें न्याय दिलाने के लिए भी लोग दलाली करने लगे हैं। वृद्ध रेशमलाल की पुत्री शैलबाला ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले की जांच करने एसआईटी टीम गठित करने की मांग की है। शैलबाला का आरोप है कि उसके वृद्ध पिता रेशमलाल के नाम दर्ज कृषि भूमि रकबा 0.17 हेक्टेयर क्रेता पवन कुमार अग्रवाल ग्राम बसना, रकबा 0.12 हेक्टेयर क्रेता मोहसिन ग्राम बसना, रकबा 0.02 हेक्टेयर क्रेता गिरीश ग्राम बसना द्वारा 06 दिसंबर 2021 को ब्रोकर देवेंद्र डड़सेना के माध्यम से रजिस्ट्री कराया गई है। उनका यह भी आरोप है कि उनके वृद्ध पिता को बिना कोई राशि दिए भूमि की रजिस्ट्री करा ली गई है। फर्जी विक्रय पत्रक सम्पादित करने वालों को सजा दिलवाने एवं अपने वृद्ध माता-पिता को न्याय दिलाने के लिए महिला असहाय रूप से

### मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार

दर-दर की ठोकरें खाते फिर रही है। मामले में महज दो लाख का भुगतान का चेक पीड़िता के खाते में लगाया जाना भी बताया जा रहा है। ताकि रजिस्ट्री को वैद्य बताया जा सकता है। विडम्बना है कि तथाकथित एक नेत्री ने मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर से न्याय दिलाने के नाम पर पीड़ित परिवार से अवैध वसूली भी की है। आवेदिका शैलबाला पिता रेशमलाल निवास ग्राम गौरमाल तहसील झारबंद जिला बरगढ़ ओड़िसा हाल मुकाम ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि रेशमलाल पिता दशरथ पांड़े बसना के निवासी है।

### बाजार भाव एवं कलेक्टर दर में अंतर



### उप पंजीयक को बर्खास्त करने की मांग

आवेदिका का यह भी कहना है कि पूरे जिले के सभी उप पंजीयक कार्यालय में विक्रय की राशि आपस में भरपाया लिखकर रजिस्ट्री का कार्य उपपंजीयक द्वारा धड़ल्ले से कराया जा रहा है। उप पंजीयक द्वारा फर्जी खरीदी बिक्री को प्रश्रय दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस तरह के जितने भी खरीदी बिक्री हुई है उसे निष्प्रभावी एवं अपालनीय घोषित करने की मांग की है और उन्होंने उप पंजीयक को तत्काल निलंबित कर जांच उपरांत बर्खास्त करने की भी मांग की है। जमीन का बाजार मूल्य नए सिरे से निर्धारण किए जाने की मांग की है। आवेदिका का कहना है कि सड़क किनारे की जमीन का भाव आसमान छू रहा है। यहां का कलेक्टर दर करीब 4 लाख है मगर बाजार भाव करीब 3 करोड़ तक पहुंच चुका है। जमीन की मांग एकाएक बढ़ गई है। बाजार मूल्य का निर्धारण नए सिरे से करने पर अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। वर्तमान में वे लकवा ग्रस्त हैं तथा चलने, फिरने एवं बोलने में असमर्थ है और उन्हें अपने हित.अहित का भी ज्ञान नहीं है। रेशम लाल का कोई पुत्र नहीं है। उसकी दो पुत्रियां हैं। बड़ी लड़की शैलबाला गौरमाल शादी होकर गई है। दूसरी पुत्री संध्या की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह अपने पिता के पास ही रहती है। जमीन दलाली का काम करने वाले गांव के ही देवेंद्र डड़सेना की नजर उनके वृद्ध पिता के नाम दर्ज बस स्टैंड की कीमती जमीन पर पड़ी। उनके पिता की इस हालत का फायदा उठाकर सैयद कमरुद्दीन, मजम्मिल अहमद, ग्राम पटवारी नीतीश सिन्हा, मोहसिन, गिरीश गजेंद्र एवं पवन अग्रवाल की मिलीभगत से उनके वृद्ध पिता की नाम की जमीन को रजिस्ट्री कराने का आरोप शैलबाला ने शिकायत पत्र में बताया है। हैरान करने वाली बात तो यह भी है कि पवन अग्रवाल के नाम से रजिस्ट्री हुई जमीन का बिना कोई वैधानिक प्रक्रिया के पालन के प्रमाणीकरण होकर नामांतरण भी हो गया है। तहसीलदार की भूमिका पर भी शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया है।

### आयकर अधिनियम का पालन नहीं

आयकर अधिनियम के तहत 20000 रुपये से अधिक की संपत्ति की खरीदी किए जाने पर उसका भुगतान चेक या ड्राफ्ट के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। मगर रेशमलाल की जमीन को खरीदते समय क्रेताओं ने इस नियम का पालन नहीं किया है। इससे यह सिद्ध होता है कि या तो जमीन की रजिस्ट्री विक्रेता को बिना राशि दिए ही कर लिया गया हो या फिर नगद राशि देकर आयकर नियम का उल्लंघन किया गया है।

### विचाराधीन

ऐसे ही एक मामले में हो चुकी है एफ आईआर नामांतरण नियम के तहत हुआ है। नामांतरण के बाद भी आपत्ति आवेदिका की ओर से अनुविभागीय दण्डाधिकारी सरायपाली के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालयीन प्रकरण में किसी भी प्रकार का बयान नहीं दे पाउंगा। रामप्रसाद बघेल तहसीलदार बसना ग्राम बस्ती सरायपाली में ऐसे ही फर्जी खरीदी बिक्री के मामले में सरायपाली थाना में एफ आईआर दर्ज हो चुकी है। एक मामले में ग्राम बस्ती सरायपाली निवासी सनातन प्रधान की जमीन को ग्राम के ही जगदीश प्रधान वगैरह ने फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा ली गई थी। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। फिलहाल, तीनों जमानत पर छूटे हैं। गढ़फुलझर मामले में भी जांच कर इस मामले में संलिप्त लोगों को जेल के सलाखों के पीछे भेजे जाने की आवश्यकता है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि फर्जी वाड़े में सलाखों के पीछे कौन-कौन और कब जाते हैं। जांच और जिम्मेदारों पर कानूनी कार्रवाई करने सहित रजिस्ट्री शून्य करने की मांग भी उन्होनें मुख्यमंत्री से की।

## एक नजर

### चौंकबेड़ा की महिला समूह ने कर्ज माफी के लिए जन चौपाल में लगाई गुहार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



ग्राम पंचायत चौंकबेड़ा की महिला समूह ने साल 2009 में ईट निर्माण व्यवसाय के लिए शासन की योजना के तहत लिये कर्ज को माफ करने की मांग को लेकर कलेक्टर जन चौपाल में गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत चौकबेड़ा की महिला समिति से क्रमशः गोमती बाई, सुखबाई, बिंदाबाई और रेवती ने बताया कि उन्हें रोजगार के लिए शासन द्वारा 3 लाख रुपए का कर्ज मिला था। जिसमें समूह को केवल 1.20 लाख रुपए का आबंटन प्राप्त हुआ था। लेकिन बारिश में उनके द्वारा निर्मित ईट के खराब हो जाने पर समूह को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यद्यपि कर्ज की राशि का कुछ अंश जमा किया जा चुका है। वर्तमान में समूह की तीन सदस्याओं की मृत्यु हो चुकी है तथा तीन अन्य सदस्य गांव छोड़कर बाहर काम करने चली गई हैं। जिससे कर्ज की राशि का भुगतान करना संभवन नहीं हो पा रहा है। समूह ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के मुखिया से महिला समूह के कर्ज माफी की मांग की है।

### पेंशन के लिये महिनों से भटक रहा लकवा पीड़ित वृद्ध जैतराम साहू

बैंक में रटा रटाया जवाब, खाते में पैसा नहीं आया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




जिला मुख्यालय से 5 किमी दूर ग्राम बरोंडाबाजार का एक वृद्ध-वृद्धा पेंशन के लिए भटक रहा है। पिछले 6 महीने से वह लगातार बैंक के चक्कर लगा रहा है। बैंक कर्मी से रुपए जमा नहीं होने की बात सुनकर वह वापस गांव लौट जाता है। ग्राम बरोंडाबाजार निवासी जैतराम साहू ने बताया कि बैंक जाने पर केवल एक ही बात कहते है कि पेंशन की राशि खाते में जमा नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि पेंशन की राशि नहीं मिलने से उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। क्योंकि वे पेंशन के भरोसे ही अपना जीवन यापन कर रहे हैं। वहीं सालभर पूर्व उसका घर भी जलकर खाक हो गया है। जिसमें सारा सामान जल गया। अब खंडहर में अकेले रहकर वह अपना जीवन गुजार रहा हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन के संबंध में सही जानकारी देने वाला कोई नहीं, इसलिए वे भटक रहे हैं।

# डॉ. पदमा डनसेना आदर्श शिक्षक सम्मान का हुआ भव्य आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।

सिमरन पैलेस भंवरपुर रोड सराईपाली में छत्तीसगढ़ चौहान सेना के द्वारा ऐतिहासिक कार्यक्रम आदर्श शिक्षक सम्मान 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के उत्कृष्ट उलेखनीय कार्य कर रहे 100 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलेश कुमार क्षीरसागर कलेक्टर महासमुंद, अध्यक्षता सौरिन चन्द्रसेन जिला शिक्षा अधिकारी, विशिष्ट अतिथि डॉ अमृत लाल पटेल प्राचार्य स्व राजा विरेन्द्र बहादुर महाविद्यालय सरायपाली, सेवानिवृत्त प्राचार्य काशीराम चौधरी,चातुरी डिग्रिलाल नंद प्रदेश अध्यक्ष चौहान सेना छ.ग. सुश्री



शुभ्रा डड़सेना वरिष्ठ खेल शिक्षिका के अलावा विशेष आमंत्रित नारायण चौधरी, सुधीर प्रधान,सादराम अजय मनीषा चौधरी,शरण दास के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन डॉ पदमा डड़सेना के स्मृति में सम्पन्न हुआ। उनकी जीवन परिचय का गाथा चातुरी नंद के द्वारा की गई। डॉ पद्मा डनसेना की जीवनी का संकलन राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित डॉ अनिल प्रधान के द्वारा किया गया। डॉ.पद्मा डनसेना क्षेत्र में एक आदर्श शिक्षक, सफल साहित्यकार व जीवन में अनुशासन को महत्व देने वाली प्रेरणादायी महिला रही। जिन्होंने साहित्य समाज व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह स्मृति सम्मान समारोह गुरु शिष्य परम्परा की विशिष्ट पहचान है।

# अंर्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुआ आयोजन,हुई विविध प्रतियोगिता

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगापानी में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा समाज को एक नई दिशा प्रदान करती है। किसी भी व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास में शिक्षा एक महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। अंर्तराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के रूप में मनाया गया। अंर्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शा.उ.मा. विद्यालय खोंगापानी द्वारा लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु साक्षारता रैली का आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। विद्यालय में नव भारत साक्षरता के कार्यक्रम पर केंद्रित गीत, नृत्य, चित्रकला,




मेंहदी एवं रंगोली आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिक्षित पालकों को बुनियादी साक्षारता व अंक ज्ञान की आवश्यकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं डिजिटल साक्षरता का उपयोग, विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्य मधुबाला कश्यप के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी शिव कुमार चौधरी के कुशल नेतृत्व में किया गया जिसमें विद्यालय के व्याख्याता रिन्कु सिंह,स्वाती सिंह, प्रीतम टोप्पो, लक्ष्मी सिंह एवं सरिता बाजपेयी का विशेष सहयोग रहा।

# राज्य महिला आयोग ने की 25 प्रकरणों पर जन सुनवाई

18 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण, 7 नस्तीबद्ध

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जन-सुनवाई की। इस मौके जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, आयोग के सदस्य डॉ.अनिता रावटे, जिला महिला बाल विकास अधिकारी समीर पांडेय सहित पूरे जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने शिकायतों




को गम्भीरता से सुना। पिछले प्रकरणों की सुनवाई की भी जानकारी ली। आज 25 प्रकरणों की जन सुनवाई हुई। जिसमें 18 प्रकरणों का निराकरण मौके पर हुआ। सात प्रकरण नस्तीबद्ध किए गए। कुछ आवेदकों को काउंसलिंग और समझाईश देकर शिकायतों को सुलझाया गया। पिछले प्रकरण की सुनवाई के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल की निगरानी और समझौते, उनका मत लेकर दोनों पक्षों को एक साथ रहने की सहमति हुई। डॉ. किरणमयी नायक ने महिलाओं की परिवेदनाएं सुनकर संबंधित अधिकारियों के मौके पर ही समस्या, समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों के समस्या और शिकायतों का समय पर निराकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा राज्य सरकार की ओर से आम जन के लिए एक से बढ़कर एक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। पात्र लोगों को खासकर महिलाओं को योजना का लाभ और बेहतर ढंग से मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई के जरिए प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सुना जाए। कोई भी व्यक्ति या महिला यहां से निराश न लौटे। हर प्रकरण में पीड़ित को न्याय मिले और लोगों को एक बेहतर व्यवस्था का एहसास हो। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में महिलाओं को आगे आना चाहिए और अपनी हक की बात कहनी चाहिए।

# बेटी ने लिखाई रिपोर्ट, बाप और बुआ पर मारपीट का आरोप

मां की नाम के राशन कार्ड से बाप लेता है राशन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के सरायपाली विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम दुलारपाली में राशन दुकान के चावल को लेकर मां और बेटी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में बेटी की रिपोर्ट पर पुलिस ने पिता और बुआ के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। ग्राम दुलारपाली की प्रार्थिया ने बताया कि मैं मेरी मां और बहन के साथ अलग रहती हूं। मेरे पिता



जयप्रकाश ने हम लोगों को छोड़ दिया है। मेरी मां के नाम से जारी राशन कार्ड की फोटोकापी को मेरे पिताजी रखे हुए हैं। जिससे वे हर महीने सोसायटी से राशन निकालकर ले जाते हैं और हम लोगों को नहीं देते है। 11 सितंबर को पता चला कि मेरे पिता राशन दुकान चावल लेने के लिये गये थे।

# सरायपाली में अग्रसेन जयंती को लेकर व्यापक उत्साह

10 दिनों तक तगातार होंगे विविध कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के सरायपाली नगर में अब की बार अग्रवाल समाज द्वारा अर्गसेन जयंती के अवसर पर 10 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तत्संबंध में अग्रवाल धर्मशाला सरायपाली में विगत दिनों अग्रवाल समाज की एक आवश्यक बैठक रखी गई थी। इसमें अग्रसेन महाराज की जयंती महोत्सव को दस दिवसीय रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। आगामी 26 सितंबर को अग्रसेन जयंती है। शहर में अग्रसेन जयंती को धूमधाम से मनाने रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि अग्रसेन जयंती पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूरे शहर को झंडे एवं तोरण से दुल्हन



की तरह सजाया जाएगा। विभिन्न झांकियां, प्रतियोगताएं और महिलाओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन भगवान की झांकी एवं भव्य शोभायात्रा के पश्चत सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें अग्रसेन जयंती में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक की शुरूआत महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अग्रजनों के साथ अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष भोजराज अग्रवाल, सचिव गुंजन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल मौजूद रहे। सम्मेलन राकेश अग्रवाल अध्यक्ष अग्रोहा धाम चैरिटीबल ट्रस्ट रायगढ़ के मुख्य आतिथ्यए सुशील मित्तल सचिव अग्रोहा धाम चैरिटीबल ट्रस्ट रायगढ़ के विशिष्ट आतिथ्य एवं सेवाशंकर अग्रवाल सरायपाली के अध्यक्षता में सम्पन्न होगी।

# महासमुन्द जिला अध्यक्ष डॉ.अमिताभ पाल एवं पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष लोचन चौहान बने

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।

पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ जिला इकाई महासमुंद का गठन प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान के अध्यक्षता एवं प्रदेश महासचिव सुनील यादव, आर बी वर्मा प्रदेश संरक्षक,प्रदेश उपाध्यक्ष इस्माइल खान की गरिमामय उपस्थिति में पिथौरा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए सेवक दास दीवान ने कहा की प्रदेश में पत्रकार कल्याण महासंघ का विस्तार कर रहे है मुख्य उद्देश्य है पत्रकारों में एकजुटता वह एक रुपता लाना है। ने कहा कि हम पत्रकार साथियों के सुरक्षा संवर्धन के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। पूरे प्रदेश में किसी भी प्रकार की कोई भी पत्रकार साथियों के साथ को घटना होती





है।तो पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ पूरे मजबूती के साथ सबसे आगे की पंक्ति में खड़ा रहेगा। कल्याण कोष की स्थापना आप सभी के सहयोग से सम्पन्न होगा। प्रदेश महासचिव सुनील यादव ने बताया की प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में हम लगातार संघ का विस्तार कर रहे हैं। आज पत्रकार किसी भी हाल में कमजोर नहीं है आज आपकी बारी है तो कल हमारी बारी अवश्य होगी। अनेकता में एकता को स्थापित करने करें। सभी एक साथ मिलकर संगठन को मजबूत बनाएं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनीस लाल दानी ने अध्यक्ष सेवक दास दीवान के कार्य की सराहना करते हुए कहा की को मजबूत करने के लिए हमारा सहयोग निश्चित रूप से रहेगा। किसी भी पत्रकार साथी के साथ किसी भी प्रकार की आपत्ति आती है तो सबसे पहले हम उनका सहयोग करें। तभी हम सही मायने में पत्रकार हित की बात कर सकते हैं। पत्रकार साथियों के साथ बहुत सारी समस्याएं हैं। जिसे हम सभी को मिलकर करना है। प्रदेश संरक्षक आर बी वर्मा ने कहा कि मुझे प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं बखूबी निभा रहा हूं। हमने अन्य संगठनों को देखा है परंतु पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ का सिद्धांत और उद्देश्य स्पष्ट है। हम पूरी पारदर्शिता से काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष इस्माइल खान ने कहा कि हम सभी मिलकर काम करें और संघ को मजबूत बनाएं। कार्यक्रम का संचालन लोचन चौहान ने किया। व डॉ. अमिताभ पाल ने जिला अध्यक्ष बनाए जाने एवं लोचन चौहान ने पिथौरा ब्लाक के अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान, प्रदेश पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सहमति से महासमुन्द जिला अध्यक्ष के पद पर डॉ अमिताभ पाल,मयंक गुप्ता जिला महासचिव,जिला संगठन सचिव दाशरथी चौहान, महासमुन्द ब्लाक अध्यक्ष सोहेल अकरम, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष लोचन चौहान, को नियुक्त किया गया।

# छत्तीसगढ़ चीफमिनिस्टर ट्राफी का 18 सितंबर से होगा शानदार आगाज

## शिरकत करेंगे अनेक देशों के नामचीन खिलाड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघए खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के मार्गदर्शन व संरक्षण में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा 20 वर्षों के बाद पुनः छत्तीसगढ़ चीफ मिनिस्टर ट्रॉफ ी इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स चेस टूर्नामेंट का आयोजन वृहद स्तर पर 18 सितंबर से 28 सितंबर तक राजधानी रायपुर में आयोजित किया जाना है। इस टूर्नामेंट में विश्व के 20 देशों के लगभग 500 शतरंज के दिग्गज खिलाड़ी शामिल होंगे। खिलाड़ियों के लिए यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव एवं सी एम ट्रॉफ ी के मीडिया प्रभारी हेमन्त खुटे जानकारी देते हुए बताया कि यह टूर्नामेंट पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी के मार्गदर्शन व सहयोग से वर्ष 2002 में सफ्लतापूर्वक आयोजित किया गया था। दो दशक के लंबे अंतराल के बाद दोबारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस तरह के आयोजन से निश्चित रूप से देश-प्रदेश के शतरंज खिलाडियों के लिए यह टूर्नामेंट मील का पत्थर साबित होगी। श्टाइटल होल्डर टूनर्मिटा हेमन्त ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि अंतरराष्ट्रीय महत्व के इस आयोजन से ना केवल छत्तीसगढ़ राज्य अपितु पूरे भारत का नाम विश्व शतरंज के मानचित्र पर अवलोकित होगा। इस आयोजन से प्रदेश के रेटेड खिलाड़ियों को अपनी रेटिंग सुधारने जी एम व आई एम नॉर्म एवं टाइटल प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध होगा। निश्चित रूप से इस आयोजन के दूरगामी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने इस तरह के आयोजन को देश में अब भी



**20 साल बाद दूसरी बार हो रहा है टुर्नामेंट, बांटे जाएंगे पुरस्कार में 35 लाख**

अभाव इस स्तर की स्पर्धाओं के आयोजन का देश में जब भी अभाव है जहाँ पर हाई स्टेड खिलाड़ी एक प्लेटफार्म में खेल सका याच कारण है कि भारतीय खिलाड़ियों की दशाइल प्राप्त करने के लिए यूरोपीय देशों में जाना पड़ता है जिससे खिलाड़ियों पर काफी आर्थिक बोझ पड़ता है। प्रदेश में अब तक कि यह सबसे बड़ी ईनामी स्पर्धा है। इस स्पर्धा में कुल 35 लाख रुपये पुरस्कार राशि रखी गई है। प्रतियोगिता दो कैटेगरी अर्थात मास्टर्स व चैलेंजर्स के रूप में करायी जा रही है। मास्टर्स कैटेगरी में 23 लाख रुपये एवं ट्रॉफ ी तथा चैलेंजर्स में 12 लाख रुपये एवं ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप विजयी खिलाडियों को दिए जाएंगे। इंडिया सहित कुल 15 देशों की अब तक एंट्री सीएम ट्रॉफी में भाग लेने वाले देशों में इंडिया, रसिया, उकेन, जॉर्जिया, यू.एसए काजिकस्तान, मंगोलिया, पोलैंड वियतनाम,कोलविया, श्रीलंका, बांग्लादेश, जिम्बाब्वे, नेपाल व इराक सहित 15 देशों से भाग लेने वाले खिलाड़ियां की एंट्री हो चुकी है। होटल अंड इम्पीरिया एवं शगुन फार्म में खेली जायेंगी शतरंज की बाजिया यह समिट दो कैटेगरी में रखी गई है जिसमें मास्टर कैटेगरी में खेलने वाले खिलाड़ियों हेतु होटल बैंड इम्पीरिया में व्यवस्था की गई है। उक्त स्पर्धा 10 चक्रों में संपन्न होगी तथा प्रति दिवस ही मैच अपरान्ह 3 बजे से खेला जाएगा। वहीं चौलेंजर्स का मुकाबला शगुन फार्म में होगा जहां खिलाड़ी प्रति दिन दो.दो चक्र प्रातः 9 बजे व अपरान्ह 3 बजे से खेल सकेंगे। सीएम ट्रॉफ ी में भाग लेने वाले दिग्गज खिलाड़ियों की संख्या इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले दिग्गज खिलाड़ियों में अब तक 16 मैत्रमास्टर्स 16 इंटरनेशनल मास्टर्स 02 वोमेन मास्टर्स 08 वीमेन इंटरनेशनल मास्टर्स 05 फ िडे मास्टर्स एवं 200 प्लस 2000 से ऊपर के ईलो रेटेड खिलाड़ियों के नाम शुमार है। सीएम ट्रॉफी का साइव प्रसारण हम स्पर्धाओं के चुनिंदा 50 खेलों का विश्व की प्रमुख येस वेबसाइट के माध्यम से प्रतिदिन लाइव प्रसारण किया जावेगा। इसका जिम्मा तमिलनाडु के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक आनंद बाबू को दिया गया है जिन्होंने 44 में विश्वतरंज ओला में सफ लता पूर्वक 700 लाइव गेम का प्रसारण कर विश्व कीर्तिमान बनाया था। भेलबेस इंडिया के निखलेश जैन पुनिंदा क्षेत्रों के लाइव कॉमंदी यूट्यूब के माध्यम से करेंगे।

## एक नजर

### जिले की सौगात मिलने पर सभी को बधाई-द्विवेदी

जोहार छत्तीसग-कोरिया।



मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर को जिले कि सौगात देने वाले प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल, क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरों और इस ऐतिहासिक उपलब्धि में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने वाले समस्त प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों को मैं धन्यवाद देता हूं। किसान कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़.चिरमिरी.भरतपुर के जिलाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा की प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने जिले की जो सौगात दी है वो अभूतपूर्व है साथ ही उन्होंने मंच से क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरों को विकास पुरूष कहा है जो सौ फीसदी सच है। विधायक कमरों आज आम जनता के बेहद करीबी है। उन्हें क्षेत्र की हर आवश्यकता और समस्याओं की जानकारी है। मुझे पूरा विश्वास है की उनके नेतृत्व में नवीन जिले में तेजी से विकास कार्य होंगे। द्विवेदी ने आगे कहा की जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी किसान, सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं सभी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता, भरतपुर सोनहत के सभी पंचायतों के सरपंच, सचिवए रोजगार सहायक, मितानिन, एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफ ल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया है। मैं सभी सम्मानित जनों का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और एमसीबी जिला बनने पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

### बालिका से दुष्कर्म, अपराध कायम

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले के तेन्दुकोना थाना क्षेत्र से नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया हैण् आरोपी के खिलाफ 2 सितम्बर को थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है। शिकायत में बताया गया है की आरोपी युवक ने 5 फरवरी 2019 से 1 सितम्बर 2022 के बीच युवती के साथ कई बार शारीरिक सम्बन्ध बनाया। शिकायत के बाद पुलिस ने दाबपाली निवासी आरोपी लक्ष्मीकांत पटेल पिता थानसिंह पटेल उम्र 23 साल के खिलाफ376, 376 ,2,द,ए 4, 6 के तहत अपराध कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा में आकाश ने जीता स्वर्ण पदक, संसदीय सचिव चंद्राकर ने किया सम्मान

5 राज्य के कुश्तीबाजों के बीच हुये 22 मैच

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।



ग्राम नारा निवासी आकाश चंद्राकर ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पादक जीतकर समाज व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उनका चयन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। सोमवार को संसदीय सचिव निवास पहुंचकर उन्होंने संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात की। जहां संसदीय सचिव चंद्राकर ने आकाश का सम्मान किया। सोमवार को आकाश चंद्राकर संसदीय सचिव निवास पहुंचे। जहां संसदीय सचिव चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान आकाश ने बताया कि अर्बन गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा 9 सितम्बर से कुश्ती प्रतियोगिता का काइट कॉलेज विधानसभा रोड नरदहा छत्तीसगढ में आयोजित किया गया था। इसमें कुल 22 मैचेस खेले गए। जिसमें केरल, गुजरात, हरियाणा सहित पांच राज्य के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें छत्तीसगढ़ से 22 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कुश्ती प्रतियोगिता में ग्राम नारा के कुश्ती खिलाड़ी आकाश चंद्राकर पिता प्रहलाद चंद्राकर ने गोल्ड मेडल हासिल कर प्रदेश के साथ ही गांव परिवार का नाम रौशन किया। आकाश की इस उपलब्धि पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने उनका सम्मान किया। साथ ही समाज को गौरवान्वित करने वाले आकाश भाई के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें इस खेल में आगे बढ़ने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## देवरबीजा में खुले पशुओं से हो रहा किसानों के फसल नुकसान -अमित यादव

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

ग्राम पंचायत देवरबीजा के ग्रामीणों कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे जिसमें शामिल हुए अमित यादव जनसेवक व भाजपा नेता जहां पर ग्राम पंचायत देवरबीजा में गोधन न्याय योजना अंतर्गत ग्राम देवरवीजा में गौठान का निर्माण कराया गया है। गौठन के लिए समिति भी बनाया गया है। गौठान में लगभग 15 से 20 गाय हैं। गौठान के गायों को चराने के लिए चरवाहा नहीं रखा गया है। ग्रामवासी के गायों को चराने के लिए चरवाहा रखा गया है। गौठान के गायों को चराने के लिए चरवाहा नहीं रखने एवं गायों के लिए चारा का व्यवस्था न कर सरपंच एवं सचिव द्वारा रोज गौठान में रखे गायों को दिनभर गौठान में भूखे पेट रखकर रात को गौठान का दरवाजा खोलकर पुरैना तालाब के नीचे किसान के खेतों में खुले छोड़ दिया जाता है। किसानों के द्वारा खेत में तार काटा एवं साड़ी से घेरा करने के बाद भी गौठन के गायों द्वारा रोज किसान का धान का फसल को चरने से बहुत ही नुकसानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए समस्त ग्रामवासी ने कलेक्टर से निवेदन किया है। कि किसानों के धान के फसल को गौठान के गायों से नुकसान होने से



बचाने के लिए उचित कार्यवाही करने हेतु सरपंच और सचिव को निर्देशित करने की ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें ग्राम वासी अपने शिकायत पर कार्यवाही करने के लिए हस्ताक्षर किया है। मुख्य रूप से राम कुमार निर्मलकर हेम सिंह दूजे बंजारे संजय साहू संतोष भुनेश्वर संतराम गजाधर धन सिंह नीलकंठ राम भगत राम खेलावन निर्मलकर अनिल राजपूत जलाधर यादव मनोज विश्वकर्मा सुनील रघुनंदन घनश्याम साहू व समस्त ग्रामवासी।

## गोधन न्याय योजना लक्ष्मणी राठिया के लिए बनी वरदान

* वर्मी कंपोस्ट खाद के लाभांश से खरीदा बच्चों के लिए कंप्यूटर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

गोधन न्याय योजना लोगों के जीवन को किस तरह से बदल रही है इसकी एक झलक रायगढ़ के खरसिया में दिखी। गौठानों के माध्यम से गोबर खरीदकर महिला-स्वसहायता समूह वर्मी कंपोस्ट खाद बनाते हैं और उसकी बिक्री करते हैं। खरसिया के जोबी गांव की रहने वाली लक्ष्मणी राठिया भी इस योजना से जुड़ी



और उजाला महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से खुद को गोधन न्याय योजना से जोड़ा।

इस समूह ने लगभग 600 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट की बिक्री की और 2 लाख 15 हजार रूपए का लाभांश अर्जित किया। लक्ष्मणी राठिया ने इस पैसे से बच्चों के लिए कंप्यूटर खरीदा ताकि उन्हें बेहतर शिक्षा मिले। लक्ष्मणी ने 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले यतिन्द्र और 12वी में पढ़ रही भावना की राह में संसाधनों के रोड़े को गोधन न्याय योजना से दूर किया और वो इसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद करती हैं। लक्ष्मणी का कहना है कि भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं ने गरीबों, मजदूरों, किसानों एवं महिलाओं के लिए जो योजनाएं शुरू की हैं वो अब छत्तीसगढ़ में आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन रही हैं और इससे लाभांवित होने वाली वो भी एक हितग्राही हैं।

* बच्चों की आधुनिक शिक्षा में अब संसाधन नहीं बनेंगे रूकावट

## ग्राम नंदेली में शहीद नंदकुमार पटेल एवं दिनेश पटेल की समाधि स्थल शांति बगिया में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायगढ़ जिले के ग्राम नंदेली में शहीद श्री नंदकुमार पटेल एवं श्री दिनेश पटेल की समाधि स्थल शांति बगिया में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नंदकुमार पटेल और उनके युवा पुत्र दिनेश पटेल वर्ष



2013 में बस्तर के झीरम घाटी नक्सल हमले में शहीद हुए थे। नंदेली पटेल का गृहग्राम है।

मुख्यमंत्री बघेल रायगढ़ जिले में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान शहीद नंदकुमार के ग्राम नंदेली पहुंचकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। स्वर्गीय नंदकुमार के पुत्र एवं राज्य सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल सहित उनके परिवार जन इस अवसर पर उपस्थित थे।

## जनचौपाल के दौरान सुनी गई आम नागरिकों की समस्याएं,जनचौपाल में 48 आवेदन प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मण्डावी ने आज जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टोरेट के दृष्टि.सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 48 आवेदन प्रस्तुत किये। ग्राम पंचायत कारेसरा विख.साजा के सरपंच राम अवतार साहू ने स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था करने, ग्राम डंगनिया तह.थानखम्हरिया के ग्रामीण लोमहत, दयाराम निर्मलकर, डुलेश पटेल, मदन लाल एवं रोहित पटेल ने



ट्रांसफ ार्मर लगाने, साजा के अशोक सिन्हा ने अशोक किराया भण्डार का कोरोना महामारी के समय टीकाकरण में लगे टेंट की राशि भुगतान करने के संबंध में आवेदन दिया। उनका पत्र आवश्यक कार्यवाही के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी न.पं. साजा को प्रेषित किया गया है। ग्राम पतोरा पोस्ट कारेसरा निवासी चितरेन साहू ने तालाब के 10 वर्षीय पट्टे पर लीज में देने आवेदन दिया। पुन्ना लाल आत्मज गडरु कुम्हार ग्राम मरतरा ने मिट्टी के लाल ईट बनाये जाने एवं विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन, वार्ड क्रमांक 02 पिकरी मानपुर निवासी गौरी राजपुत ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रोड निर्माण पश्चात नल कनेक्शन काट दिया गया है। इस कारण पानी की समस्या दूर करने बाबत आवेदन दिया। गोपी कुटेल पिता सांवल ग्राम परसबोड़ तहसील साजा ने पीएम आवास सूची में नाम दर्ज करने आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत नारायणपुर के सरपंच बिसाहु राम साहू ने बच्चों को नहीं पढ़ाने का आरोप लगाते हुए मीडिल स्कूल के प्रधान पाठक को हटाने की शिकायत की, ग्राम धनेली निवासी टेकराम कोशले ने रिहायसी बस्ती में नया ट्रांसफार्मर लगाने एवं शास.उ.मा. विद्यालय मोहरेंगा में शिक्षकों की पदस्थापना करने, ग्राम घिवरी तह.थानखम्हरिया के यशवंत साहू ने अवैध शराब पर रोक लगाने आ अनुरोध किया।

## पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल को भाजपा प्रदेश मंत्री की मिली जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं ने गृह ग्राम पहुंचकर दिए बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बीजेपी संगठन में कई महत्वपूर्ण फेरबदल किए गए हैं। बीजेपी ने नई प्रदेश कार्यकारणी का ऐलान कर दिया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने अपनी नई टीम बनाई है। किसान मोर्चा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सहित कई पुराने चेहरों को टीम से हटा दिया है।



बेमेतरा जिला से पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल को भाजपा प्रदेश मंत्री की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। 2018 बेमेतरा विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी विधानसभा में लगातार सक्रिय रहे कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लगातार जनता की आवाज को उठाते रहे जिला स्तरीय लगभग हर बड़े कार्यक्रम की प्रभारी बनाया गया उन्हें भी बड़े बखूबी के साथ कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सफल बनाया प्रदेश संगठन दिए कार्यो को भी तत्परता के साथ बड़े अच्छे ढंग से किया।

संगठन में इनके पहले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप थे और महासमुंद जैसे अहम जिले के संगठन सहप्रभारी का जिम्मा संभाल रहे है।जैसे ही शाम 11 सितम्बर को प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नेर्तृत्व के सहमति से अपने कार्यकारिणी की घोषणा किये वैसे जिला व प्रदेश से सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यकर्ताओं की बधाई देने का तांता लग गया व 13 सितम्बर को कार्यकर्ताओं ने गृह निवास स्थान पहुंचकर बधाई दिए पार्टी के आगामी कार्यो जिसमे प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाना है व 2023 की रण की तैयारी के बारे में चर्चा किया गया। इस अवसर पर मंडल जिला के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## चेंबर पदाधिकारियों ने की कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात

व्यापारिक समस्याओं को लेकर हुई गहन चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

नये जिले एमसीबी के अस्तित्व में आने के बाद सोमवार को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों और सदस्यो ने मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के प्रथम कलेक्टर पीएस ध्रुव और प्रथम पुलिस अधीक्षक टीआर कोशिमा से सौजन्य भेंट मुलाकात की।





चेंबर पदाधिकारियों द्वारा दोनों ही अधिकारियों को नवीन जिले के प्रथम जिला अधिकारी होने की बधाई दी और चेंबर तथा प्रशासन के बीच सामंजस्य और सहयोग के संबंध में चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान व्यापारियों को हो रही कुछ परेशानियों से कलेक्टर ध्रुव को अवगत कराया गया एवं भू संबंधी विक्रय अनुमति मे होने वाले अनावश्यक विलंब के कारण पैदा होने वाली तकलीफ ों और विवादों की जानकारी भी दी गई और इसके लिए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित करने की मांग की गई। चेंबर द्वारा पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया कि उधार में माल बेचना व्यापार की परंपरा रही है परंतु आज के दौर में ऐसे कुछ एक व्यापारी सामने आ रहे हैं जो उधार माल खरीद करने के पश्चात पैसा देते समय विवाद की स्थिति उत्पन्न करते हैं और उधार देने वाले व्यापारी के विरुद्ध पुलिस में शिकायत कर झूठे मामले में फंसा देते हैं। ऐसे मामलों में पहले विस्तृत जांच करने के पश्चात ही एफ आईआर की कार्रवाई की जाये। एसपी कोशिमा ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए व्यापारिक लेन.देन के मामले में विवाद के संबंध में विस्तृत जांच पश्चात ही निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इससे व्यापारी जगत को निर्भीकता से व्यापार करने का अवसर बना रहेगा। चेम्बर ने एसपी और कलेक्टर को सहयोगात्मक रुख के लिए धन्यवाद प्रेषित किया है। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष आनंद अग्रवाल के साथ वरिष्ठ सदस्य हरभजन सिंह, राम विशाल अग्रवाल, जयचंद बोथरा चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष रफ ीक मेमन, महामंत्री मनीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुदामा छत्तानी, संयोजक पदम् सिंघल, प्रमोद अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, अपूर्व कर, राजेश वैश्य, अजय वैश्य मनीष शिवहरे, इंदरजीत सिंह कालरा बाबे, रविंदर सिंह छाबड़ा ;सन्नू, सनी खनूजा, चंकी मखीजा, सिराजुद्दीन अंसारी के साथ अन्य सदस्य शामिल रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारियों को अंतिम रुप देने में जुटे समिति सदस्यगण

** प्रतियोगिता प्रभारी अग्रोहा भवन में हुई अग्र बंधुओं की अहम बैठक * शहर के सभी जोन में अग्र पत्रिका का हुआ वितरण*

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अग्र कुल समाज के पुरोधा महाराजा अग्रसेन जी की 5147 वीं जयंती को ऐतिहासिक एवं यादगार ढंग से मनाने की तैयारियां अब शहर में चल रही है। वहीं शहर के सभी मोहल्ले में बनाए गए अग्र जोन में विगत एक सितंबर से अनवरत मीटिंग का आयोजन कर पूरी कर ली गई है। जिसमें अग्र समाज के सभी लोग शामिल होकर अपना सुझाव भी दिए हैं। वहीं विगत दिवस कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन भी किया गया जिसमें समाज के विशिष्टगणों व हर उम्र के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।



समाज के लोगों को दी गई पत्रिका अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के समन्वयक निर्मल अग्रवाल ने बताया कि पत्रिका विमोचन कार्यक्रम के बाद विगत 12 सितंबर को समन्वयक निर्मल अग्रवालए मनीष अग्रवाल दवाईए बेदा अग्रवाल व जयंती के प्रचार प्रसार प्रमुख अधीश रतेरिया ने जुट मिल जोनए चक्रधर नगर जोनए कोतरारोड़ जोनए कृष्णा विहारए फ्रेंड्स कॉलोनीए पार्क एवेन्यूए वृंदावन कॉलोनीए साईं हेरिटेजए चैतन्य नगर के साथ . साथ मध्य जोन में पत्रिका वितरित की गई व अग्र समाज के सदस्यों को भी पत्रिका दी गई। वहीं पत्रिका में अग्रसेन जयंती के सभी कार्यक्रम की रुपरेखा का समावेश किया गया है ताकि हर वर्ग को जयंती व कार्यक्रम संबंधी विस्तृत जानकारी मिल सके। अग्रोहा भवन में अनवरत बैठक अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के समन्वयक



निर्मल अग्रवाल ने बताया कि जयंती के अंतर्गत समाज की विभिन्न मनभावन प्रतियोगिताओं की अंतिम तैयारी व उसे भव्यता देने के लिए शहर के अग्रोहा भवन में लगातार दो दिन से अनवरत मीटिंग ली जा रही है। वहीं आज की मीटिंग में जयंती आयोजन के उपप्रमुख प्रभारी मुकेश गोयल, सुरेश गोयल, शिव तायल, अशोक ब्लूचीप, मनीष अग्रवाल, मनीष पॉलीवाल, कमलेश रतेरिया, जयंती प्रचार-प्रसार प्रमुख अधीश रतेरिया, रेखा महमिया, पायल अग्रवाल, रीमा तायल, दिनेश अग्रवाल, शिव बापोडिया, अंजनी अग्रवाल, विकास अग्रवाल विक्की, मोहित राजा, शशि बंसल, पूर्वी अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, रीना पॉलीवाल, रीमा केडिया सहित समिति के सदस्यगण व प्रतियोगिता के प्रभारी तैयारियों को अंतिम रुप देने में जुटे हैं।

### हर प्रतियोगिता में खूब आ रही एंट्री

इस बार महाराजा अग्रसेन जयंती आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि दो वर्ष बाद बड़ी भव्यता के साथ यादगार आयोजन हो रहा है व समाज के हर उम्र के लोगों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए विविध प्रतियोगिता हो रही है। जिसे लेकर समाज के लोगों में अपार उत्साह है व इस बार हर प्रतियोगिता में खूब एंट्रियां भी हो रही है। बच्चों और युवतियों में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### एकता के साथ सहयोग करें

अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के मुख्य प्रभारी समाजसेवी सुनील अग्रवाल लेंध्रा ने अग्र समाज के सभी लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि इस बार सभी लोग एकता के साथ परिचय देते हुए कार्यक्रम की गरिमा को बरकरार रखने में महत्वपूर्ण योगदान दें ताकि महाराजा अग्रसेन जी का यह आयोजन भी हर किसी के लिए यादगार बने।

## एक नजर

### अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

अधिकारियों को समय सीमा में आवेदनों को निराकृत करने के दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने आज जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आर्थिक सहायता, वेतन भुगतान, रोजगार प्रदाय, मजदूरी भुगतान, पेंशन भुगतान, मुआवजा, बंटवारा, भूमि-विवाद, नामांतरण, शिकायत जांच सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त पेंशन, मजदूरी भुगतान, राजस्व संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेने, यथाशीघ्र जांच पूर्ण करने एवं समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

### लैलूंगा में 373 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा में 373 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत के 16 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 88 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत से निर्मित 9 कार्यों का लोकार्पण एवं 284 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 7 कार्यों का शिलान्यास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम के दौरान जिन कार्यों का लोकार्पण किया, इनमें छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा 30 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से 4 कार्य, लोक निर्माण विभाग द्वारा 52 करोड़ 3 लाख रुपये के 2 कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा 4 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से जिला रायगढ़ के बिजना से हमीरपुर के मध्य कोलडेगा नाला पर पुल निर्माण एवं वन विभाग द्वारा 1 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से दो कार्य शामिल है। इसी तरह शिलान्यास कार्य के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा 21 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से रोड एवं पुल निर्माण के 4 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 263 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से 3 रेट्रोफिटिंग, सिंगल विलेज एवं सोलर योजना के कार्य शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लैलूंगा स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज लैलूंगा स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ सेल्फी भी ली। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम और विधायक चक्रधर सिंह सिदार भी उपस्थित थे।

# सन्ना के लोरो मिर्च प्रोसेसिंग यूनिट में नहीं है कोई खराबी

संसाधन युक्त यूनिट से एफपीओ समूह को मिलेगा लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आजीविका मिशन के उद्देश्य को ध्यान रखते हुए एफपीओ समूह को रोजगार प्रदाय करने बगीचा विकासखंड में सन्ना के ग्राम लोरो में मिर्च प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कराया गया है। यह यूनिट संसाधन युक्त है जिसमें किसी भी प्रकार की कोई भी खराबी नहीं है। इस यूनिट में समूह के चयनित सदस्यों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। जिससे गुणवत्तायुक्त उत्पादन तैयार कर पैंकेजिंग किया जा सके।





# शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी-22, 18 सितम्बर 2022 रविवार को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली कक्षा एक से कक्षा पांच तक पूर्वान्ह 9.30 से 12.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली कक्षा छः से कक्षा आठ तक अपरान्ह 2 से 4.45 बजे तक अध्यापन हेतु पात्रता परीक्षा होगी। जिले में अनुमानित 10827 परीक्षार्थी प्रथम पाली एवं 8130 परीक्षार्थी द्वितीय पाली की परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने परीक्षा के संपादन हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिसमें डिप्टी कलेक्टर जशपुर बालेश्वर राम को नोडल अधिकारी व तहसीलदार कुनकुरी प्रमोद चन्द्रवंशी, तहसीलदार पत्थलगांवरामराज सिंह एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख जशपुर संदीप गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही परीक्षा केन्द्रों में सुचारू रूप से परीक्षा संपादन तथा केन्द्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं आकस्मिक निरीक्षण के लिए अनुविभागीय अधिकारी जशपुर सुश्री श्यामा पटेल, प्रभारी तहसीलदार जशपुर विकास जिंदल, नायब तहसीलदार जशपुर सुशील कुमार सेन को केन्द्र क्रमांक 1901 से 1914 तक के लिए ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी रवि राही, नायब तहसीलदार कुनकुरी नागेश तांजय और मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकहित भगत को केन्द्र क्रमांक 1915 से 1921 तक एवं अनुविभागीय अधिकारी पत्थलगांव आरए लाल,नायब तहसीलदार पत्थलगांव सुश्री प्रीति शर्मा और नायब तहसीलदार पत्थलगांव सुश्री जानकी काटले को केन्द्र क्रमांक 1922 से 1926 तक के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

## खरसिया के पास के गांव ढेलवाडीह के कृषक ने मुख्यमंत्री को बताया सही मायने में किसान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

खरसिया के ग्राम पंचायत चपले के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में दादू रामचंद्र ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सही का किसान कहा। कार्यक्रम में उसने मुख्यमंत्री को शासन के कृषि प्रधान योजनाओं के लिए धन्यवाद दिया। कृषक ने बताया कि वह अपने ढाई एकड़ जमीन पर पॉलीहाउस बनाकर, धान के बदले टमाटर की खेती कर रहा है। इससे उसे राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत 25000 रुपये बोनस के तौर पर तो मिल ही रहे हैं और तो और उसे अपने टमाटर की फसल से एक बड़े स्तर पर अतिरिक्त आय भी हो रही है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृषि के क्षेत्र में कार्यक्रम में उपस्थित किसानों की तरक्की देखकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने उपस्थित जनों को बताया कि शासन के द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में 8000 गौठानों की नेटवर्क रूपी संरचना, शासन द्वारा तैयार किया गया है।

# अब अपने पैरों पर खड़ा हो सकेगा महेश, शुरू करेगा बिजनेस

किराना दुकान के लिए मुख्यमंत्री ने दिए डेढ़ लाख रुपए

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

महेश की इच्छा थी कि वह एक दिन अपने पैरों में खड़ा हो और खुद की जिंदगी को बदल सके। उनकी यह इच्छा इसलिए भी अधूरी रह गई कि एक दिन दोनों पैर को लकवा मार गया। दोनों पैर से अपाहिज हो जाने के बाद तो महेश को यह जिंदगी और चुनौती लगने लगी। बहुत ही गरीब परिवार से आने वाला महेश चाहता था कि वह घर पर कोई व्यवसाय करें और अपनी जीवन की पटरी पर लाकर सही दिशा में आगे बढ़े। गरीबी की वजह से उसका यह सपना अधूरा था और उन्हें कोई इतना मदद भी नहीं करता था कि वह अपना बिजनेस कर सके। आज जब राजधानी रायपुर से आदिवासी अंचल लैलूंगा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आए और भेंट-मुलाकात कार्यक्रम हुई तो महेश भी उनसे अपनी फरियाद लेकर पहुँच गए। महेश ने अपनी पूरी बातें जब प्रदेश के मुखिया को बताई तो उन्होंने डेढ़ लाख रुपए की राशि देने अपनी सहमति दे दी। मुख्यमंत्री से डेढ़ लाख रुपए का आर्थिक सहयोग मिलने के बाद महेश के खुशियों का ठिकाना न था, उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि अब वह खुद का बिजनेस शुरू करेगा और अपने पैरों पर खड़ा हो सकेगा। रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के अंतर्गत शांतिनगर में रहने वाले महेश श्रीवास ने बताया कि दोनों पैर से वह दिव्यांग है और चलने-फिरने में असमर्थ है। उसकी शादी हो चुकी है और एक बच्चा भी है। दिव्यांग होने से उन्हें काम करने में भी बहुत परेशानी होती है, इसके साथ ही गरीबी की वजह से घर-परिवार चलाना मुश्किल होता है।



# रेप के आरोपी को सारंगढ़ पुलिस गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़ थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम हिर्री परिवर्तित नाम पुष्पा जब रात्रि कालीन में बातरूम करने घर से आंगन में निकली तो एक टूक ध्यान गड़ा बैठे गांव के ही ताराचंद कोशले हाथ को खींचकर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से लगभग 300 सौ मीटर खिंचते हुए दलाल तालाब पास सुन सान जगह ले जाकर जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाया। जब इतने में इस दरिंदे की हवस नहीं मिटी तो पीड़िता को उसके पति और बच्चे को जान से मरवा कर फेंकवा दूंगा कहते हुए, अन्यंत्र जगह ले जाकर जबरन रेप की घटना को बार-बार अंजाम देता रहा। जब सुबह होने लगा तो फंसने के डर में आरोपी ताराचंद कोशले अपने ही घर में ले जाकर पीड़ित और बेबस महिला जिसकी पति और बच्चों को मारने की धमकी के आगे बेबस महिला को आरोपी अपने ही घर में बंधक बनाकर रखा हुआ था। जिसकी पतासाजी में जुटे उनके घर के लोग को भनक लगी की आरोपी ताराचंद कोशले अपने घर में पीड़ित महिला को बंधक बनाकर रखा हुआ है। जिसका दरवाजा दिनभर बंद है कहते हुए उनके घर के दरवाजे को खोला गया। तो दरवाजा खोलते ही आरोपी ताराचंद कोशले घर से कूद कर भाग निकला वही उनकी पीड़ित बेबस महिला दौड़कर उनके परिवार के लोगों के पास लिपटकर रोने लगी और अपनी आपबीती बताई, जिसके बाद घर के सदस्य व पीड़ित सारंगढ़ थाना पहुंचकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई जहां सारंगढ़ थाने की टीम जांच में जुटकर हर एक पहलू से पर्दा उठाया। जिसके बाद आरोपी ताराचंद कोशले को घटना को कारित करने के सम्बन्ध में उनके विरुद्ध धारा 376,506,342 के तहत मामला दर्ज कर रिमांड में आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।



# रोजमर्रा के जीवन में आने वाले तनाव से निपटने के लिए हुई कार्यशाला

नर्सिंग की छात्राओं ने सीखे आत्महत्या को रोकने के गुर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आत्महत्या को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग कई कदम उठा रहा है। तेजी से भागती हुई जिंदगी में विकास के साथ तनाव भी उसी अनुपात में बढ़ा है लेकिन लोग तनाव प्रबंधन या तनाव को दूर करने की कोशिश नहीं कर बस आगे बढ़ने में लगे रहते हैं यही तनाव कब अवसाद बन जाता है और इसी अवसाद में व्यक्ति अपनी जिंदगी खत्म करने की कोशिश करता है। इसलिए हम तनाव को कम करने पर ज्यादा ध्यान देते हैं और इसी को लेकर सारे कार्यक्रम तय किये जाते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने आत्महत्या रोकथाम सप्ताह समाप्त होने के बाद यह बाते कहीं। विदित हो कि जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आत्महत्या रोकथाम के लिए वर्कशाप और सेमिनार का आयोजन इस बार जिला स्तर पर कई जगहों पर किया गया। मंगलवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य की टीम ने शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को गेट कीपर की ट्रेनिंग दी। गेट कीपर वह होता है जो अपने आसपास के लोगों के व्यवहार में हो रहे बदलाव पर नजर रखता है और आत्महत्या करने जैसे लक्षणों वाले व्यक्तियों को तुरंत पहचान कर उसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देता है जिससे उस व्यक्ति की उचित समय पर काउंसिलिंग की जा सके। मेडिकल कॉलेज कैंपस स्थित नर्सिंग कॉलेज की 60 छात्राओं, प्रोफेसर और स्टाफ को कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम की ट्रेनिंग के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों के मध्य तनाव के प्रबंधन को समझाना एवं आत्महत्या रोकथाम के लिए रोग पहचान कर उचित परामर्श के लिए स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने की सलाह देना था। कार्यशाला की जानकारी देते हुए नर्सिंग ऑफि सर और मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार अतीव राव ने बतायारू नर्सिंग की छात्रों को आगे चलकर अस्पताल में अपनी सेवाएं देनी है। जहां आत्हमत्या के मामले आते हैं तो उन मरीजों से उन्हें कैसा बर्ताव करनाए साथ ही कई बार लंबी बीमारी से जूझ रहे मरीजों में भी आत्महत्या करने के ख्याल आते हैं या आत्महत्या कर लेते हैं तो ऐसे लोगों को कैसे संभाले इसकी जानकारी दी गई। जिले में मानसिक स्वास्थ्य इकाई के माध्यम से कार्यस्थल पर तनाव का प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यशाला के माध्यम से कार्य का उचित प्रबंध करना और तनाव को कम करने के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही सहयोगी साथियों द्वारा एक दूसरे की भावनाओं को समझ कर आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने से रोकने के बारे में बताया गया। साइकेट्रिक नर्स निशा पटेल ने कार्यशाला में बतायारू किस प्रकार तनाव के बढ़ने से अवसाद की स्थिति निर्मित होती है। जब भी अवसाद अपनी चरम सीमा पर हो जाता है तब व्यक्ति को चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा नजर आने लगता है। उसे उम्मीद की कोई भी किरण नजर नहीं आती तब उसे लगता है, उसको जीने से अच्छा हैए मर जाना ज्यादा आसान है। इसलिए हमें समय रहते अपनी तनाव का प्रबंधन करना बहुत जरूरी हैं।





# आज से शुरू हुआ शिशु संरक्षण माह

महापौर और जिला टीकाकरण अधिकारी ने किया रामभांठा यूपीएचसी में शिशु संरक्षण माह का उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मंगलवार को रामभांठा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र यूपीएचसी में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। जिले में 13 सितंबर से 14 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले शिशु संरक्षण माह में बच्चों को विटामिन-ए और आयरन सिरप की खुराक सप्ताह में दो बार दी जायेगी।





## बच्चों को दी जाएगी विटामिन-ए और आयरन सिरप की खुराक

यह खुराक 13 प्रस्तावित सत्रों में बच्चों को पिलाई जायेगी। उद्घाटन सत्र में महापौर जानकी काटजूए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानू पटेल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा समते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी.कर्मचारी मौजूद थे। महापौर ने समय से शिशुओं के टीकाकरण और विटामिन लेने के लिए सभी से आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ.एस.एन.केसरी ने जिले के समस्त हितग्राहियों को शिशु संरक्षण माह के दौरान आयोजित सत्रो में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। शिशु और बाल्य रोग विशेषज्ञों के अनुसार आयरन और विटामिन ए की खुराक से बच्चों के पोषण स्तर में सुधार आता है। इसकी खुराक न पीने वाले बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास सही से नहीं हो पाता है। 9 माह से 1 वर्ष तक के बच्चों को 1 एमएल विटामिन-ए की खुराक एवं 1.5 वर्ष तक के बच्चों को दो एमएल खुराक दी जाएगी। वहीं 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को 1 एमएल प्रति सप्ताह आयरन फोलिक सिरप की निर्धारित खुराक दी जायेगी। शिशु संरक्षण माह के बारे में जानकारी देते हुए जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ.भानू पटेल ने बताया शिशशु संरक्षण माह विटामिन-ए अनुपूरक कार्यक्रम है जिसमें विटामिन-ए और आयरन सिरप समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निरूशुल्क दिया जायेगा। इसके साथ ही बच्चों का वजन मापना, पोषण आहार की जानकारी लेनाए आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार की सेवाओं की उपलब्धता कराना, और अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाने जैसी गतिविधियां शामिल है। स्वास्थ्य अधिकारियों को शिशु संरक्षण माह की विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम की गाइडलाईन जारी की गयी है। अभियान के सफ ल संचालन में ग्राम स्वास्थ्य व शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस पर ग्राम व शहरी स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, क्षेत्र की मितानिन, महिला आरोग्य समिति, ग्राम पंचायत, वार्ड पार्षद और सदस्यगणों का सहयोग लिया जा रहा है।,

### हाई रिस्क इलाकों पर रहेगा फोकस

स्वास्थ्य विभाग के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राकेश वर्मा ने बताया शिशशु संरक्षण माह में हाई रिस्क इलाकों पर हमारा ज्यादा फोकस रहेगा क्योंकि पिछड़े तबके होने के कारण और जानकारी के अभाव में इन लोगों तक बच्चों के टीकाकरण और विटामिन के खुराक का ज्ञान नहीं होता है। लेबर कॉलोनी, स्लम बस्ती, मलीन बस्ती, झुग्गियों के डेरों, पिछड़े इलाकों की सूची तैयार कर ली गई है। इसेक अलावा कोविड.19 गाइडलाइन के अनुसार ही बच्चों को विटामिन-ए और आयरन सिरप की खुराक दी जाएगी साथ ही शारीरिक दूरी का भी ध्यान रखा जाएगा। समय की जानकारी अभिभावकों को पहले ही दे दी जाएगी ताकि वह आसानी से बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र लाकर इन दवाइयों की खुराक दिलवा सके।

### इन तिथियों पर आयोजित होंगे सत्र

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 13 सत्रों के लिये चलने वाला यह अभियान शहरी क्षेत्रों में 14 अक्टूबर तक सप्ताह के मंगलवार.बुधवार और शुक्रवार को तो ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार और शुक्रवार को आयोजित होंगे। तिथिनुसार 13 सितंबर,,14 सितंबर, 16 सितंबर, 20 सितंबर, 23 सितंबर, 27 सितंबर, 30 सितंबर, 04 अक्टूबर, 05 अक्टूबर, 06 अक्टूबर, 07 अक्टूबर, 11 अक्टूबर, 14 अक्टूबर, को ऑगनबाड़ी केन्द्र पर संचालित किया जाएगा।

# भीम रेजिमेंट ने अपने मांगों को लेकर भूपेश बघेल का पुतला दहन किया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



8 सूत्रीय मांगो को लेकर भीम रेजिमेंट साजा इकाई के द्वारा जिला प्रभारी रेखराम सोनवानी व कार्यकारणी जिलाध्यक्ष हेमंत बंजारे के नेतृत्व में पहली बार साजा में कांग्रेस के किसी भी नेता का पुतला दहन हुवा है।

भीम रेजिमेंट ने अपने मांगो को लेकर बउ भूपेश बघेल का पुतला दहन करते हुए स्थानीय विधायक मंत्री रविंद्र चौबे का मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए नगर भ्रमण किये इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अविनाश घृतलहरे महिला जिलाध्यक्ष पूजा सोनवानी अभिलाषा कोशल सरिता श्रीवास राहुल दाहिरे कुवरजीत गायकवाड अमृत चेलक ब्लॉक अध्यक्ष संदीप घृतलहरे आत्मा टण्डन विमल चेलक कौशल गायकवाड़ दिनेश मनहरे राहुल बांधे कमल भारती सहदेव बघेल दसरू बंजारे अनिल देहरे भक्कू रूपेश महिलांगे योगेश बारले संतन चतुर्वेदी आदि ने संगठन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए।

# जशपुर विधायक ने नन्हे-मुन्हें बच्चों को विटामिन-ए की सिरप पिलाकर जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह का किया शुभारंभ

* जिले में 13 सितंबर से 14 अक्टूबर 2022 तक चलाया जाएगा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधायक जशपुर विनय भगत ने आज जिला चिकित्सालय के पोषण पुनर्वास केंद्र में नन्हे.मुन्हें बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन फोलिक एसिड की सिरप पिलाकर जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अभियान चलाकर सभी पात्र बच्चों को सिरप पिलाने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ आर एन केरकेट्टा, डीपीएम सुश्री स्मृति एक्का, डीआईओ, सूरज चौरसिया अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भी बच्चों को दवा पिलाई। विधायक भगत ने



**जिले में कुल 73,680 बच्चों को विटामिन-ए तथा आईएफए सिरप पिलाने का रखा गया लक्ष्य**

कहा कि जिले में 13 सितम्बर 2022 से 14 अक्टूबर 2022 तक शिशु संरक्षण माह विटामिन अनुपूरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

भगत ने समस्त शिशुवती माताओं को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित टीकाकरण सत्र में पहुँच कर सत्र के दौरान दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ लेने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी माताएं अपने ग्रामों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित टीकाकरण सत्र में अपने 06 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आयरन सिरप एवं 9 माह से 5 वर्ष के बच्चे को विटामिन-ए का सिरप अनिवार्य रूप से पिलाए। इससे कुपोषण स्तर व बाल मृत्यु दर में कमी आएगी। इस हेतु जिले में शिशु संरक्षण माह13 सितम्बर से 14 अक्टूबर 2022 तक चलाया जा रहा है।



सफलता की कहानी

# कुलदीप तिर्की और संगीता तिर्की निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना से मिली राशि का उपयोग रोजगार के लिए करेंगे

अपर कलेक्टर ने दिव्यांग दंपतियों को 1 लाख रूपए राशि का चेक सौंपा

**जशपुरनगर।** जिले में समाज कल्याण विभाग की निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत दिव्यांग दंपतियों को लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम बासनताला के कुलदीप तिर्की और उनकी पत्नी संगीता तिर्की को योजना के तहत 1 लाख रूपए की राशि का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग उप संचालक सुचिता लकड़ा उपस्थित थी। दिव्यांग दम्पति ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रशासन ने उन्हें आर्थिक



### मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

सहायता करके रोजगार स्थापित करने में बहुत मदद की है। उन्होंने बताया कि वे इलेक्ट्रॉनिक काम जानते हैं और इस राशि का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक दुकान खोलने के लिए करेंगे और अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन यापन करने की बात कही। दिव्यांगजनों के लिए समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना को लाभदायक बताया।

# मुख्यमंत्री श्री हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात के क्रम में आज रायगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, विकासखंड तमनार के ग्राम कुंजेमुरा में श्री हनुमान मंदिर दर्शन के लिए पहुँचे। उन्होंने कुंजेमुरा में भेंट-मुलाक़ात से पहले प्रभु श्री हनुमान के दर्शन और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख,



समृद्धि और ख़ुशहाली की कामना की। स्थानीय लोगों के मुताबिक प्रभु श्री हनुमान की मूर्ति पहले इस स्थल पर खुले में स्थापित थी तथा अर्जुन दास पिता स्व सुखदास द्वारा सन 2006-07 में मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर के पुजारी उमाकांत शर्मा है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कुंजेमुरा का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात के क्रम में आज रायगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, विकासखंड तमनार के ग्राम कुंजेमुरा में शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कुंजेमुरा का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल के छात्रावास आगमन पर छात्रावास के बच्चो द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा छात्रावास परिसर के रसोई कक्ष, छात्रावास में बनाये जाने वाले भोजन सब्जी, स्नानागार, बच्चों के रहने के जगह, बेड व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही इस अवसर पर उनके द्वारा छात्रावास के बच्चों को नोट-बुक, कंपास बॉक्स, लोवर, टी-शर्ट, बैट-बाल सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया।

### जिले में 1037 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 13 सितम्बर तक 1037 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 16.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1232 मिली मीटर, पुसौर में 1273.7, खरसिया में 1050.5, सारंगढ़ में 1262.8, बरमकेला में 941.3, घरघोड़ा में 812.8, तमनार में 1059.7, लैलूंगा में 1028.1, धरमजयगढ़ में 937.1, सरिया में 969.7 एवं छाल में 839.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पंचायत सचिव श्याम पटेल निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने ग्राम पंचायत भेंगारी अतिरिक्त प्रभार कया, जनपद पंचायत घरघोड़ा के ग्राम पंचायत सचिव श्यामलाल पटेल को भण्डार क्रय नियम का पालन नहीं करते हुए ग्राम पंचायत की शासकीय राशि का दुरूप्रयोग करने, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया निर्धारित किया गया है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय : कक्षा 9 वीं के रिक्त 2 पदों के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9 वीं के 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु चयन परीक्षा के माध्यम से पूर्ण किया जाना है। जिस हेतु आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2022 निर्धारित की गयी है। परीक्षा तिथि 11 फरवरी 2023 है। रायगढ़ जिले के शासकीय/शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालय से सत्र 2022-23 में कक्षा 8 वीं की परीक्षा में सम्मिलित/उत्तीर्ण छात्र प्रवेश परीक्षा में बैठने के पात्र है। इसके लिए छात्र की जन्म तिथि 01.05.2008 से 30.04.2010 दोनों दिन मिलाकार के मध्य होनी चाहिए। इस परीक्षा के लिए सभी श्रेणी के उम्मीदवारों के साथ अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार भी पात्र होंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट एवं विद्यालय के वेबसाईट को देख सकते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू-जिला रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी तथा सहायिकाओं की रिक्त पदों के लिए 28 सितम्बर 2022 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना-कापू, जिला-रायगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन जमा कर सकते है।

# मुस्कान और उनके पिता के चेहरे पर मुख्यमंत्री ने ला दी मुस्कान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सर मैं आईएएस बनना चाहती हूँ। मैं इस साल दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में तीसरे स्थान पर आई हूं। कोचिंग करना चाहती हूँ। कोचिंग की बात सुनते ही मुख्यमंत्री ने अपनी बाजू में बैठे आईएएस, आईपीएस की ओर इशारा करते हुए कहा ये देखिए ये सभी आईएएस और आईपीएस है। इन्होंने कभी कोचिंग नहीं की और आज आईएएस और आईपीएस है। इसके लिए अच्छे से पढ़ाई की जरूरत है। चेहरे पर शिकन लिए छात्रा मुस्कान ने कहा मैं मध्यमवर्गीय परिवार से हूँ। आर्थिक मदद मिल जाती तो अच्छे से तैयारी करती और आईएएस बनती। छात्रा की बातों को ध्यान से सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने उनसे ही पूछ लिया बताओ कितना चाहिए। कुछ सेकंड सोचने के बाद छात्रा ने दो लाख रुपए की बात कही तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जरा भी देरी नहीं की और तत्काल ही हामी भरते हुए कहा आपका काम हो जाएगा। आप अच्छे से बस पढ़ाई करिए। इस तरह उन्होंने 2 लाख रुपये उच्च शिक्षा के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए उनके साथ आए उनके पिता और आईएएस बनने की ख्वाब लिए मुस्कान के चेहरे पर मुस्कान ला दी। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र पहुँचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामाजिक संगठनों के अलावा उनसे मिलने आए अनेक लोगों की फरियाद को पूरा किया।



# कलेक्टर ने राजस्व और कृषि विभाग को गिरदावरी का कार्य गंभीरता से करने दिए निर्देश

राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण समय.सीमा के भीतर करें

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, गोबर खरीदी, खाद बनाने की प्रगति, गिरदावरी के कार्य, गौठानों में मल्टीएक्टीविटी, राजस्व के लंबित प्रकरण, टीएल के लंबित प्रकरण सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व विभाग, कृषि विभाग के टीम को गिरदावरी का कार्य किसानों के खेतों में जाकर करने के निर्देश दिए हैं और वास्तविक गिरदावरी करने के लिए कहा है। आधार सीडिंग कार्य में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनपद



सीईओ और नगरीय निकाय के अधिकारियों से गोबर खरीदी, खाद बनाने तथा खाद उठाव की स्थिति की जानकारी ली और सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों को वर्मी कम्पोस्ट खाद उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने राजस्व से संबंधित प्रकरण बटांकन, सीमांकन, नामान्तरण, आय,जाति, निवास, अविवादित के प्रकरणों को भी समय-सीमा का ध्यान रखते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए हैं साथ ही आर बी सी 6.4 के तहत् प्रभावित परिवारों को भी पात्रता के आधार पर मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए हैं। गौठानों में मल्टीएक्टीविटी के तहत् समूह को सक्रिय रखने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि अपने.अपने क्षेत्रों का सीएमओ भ्रमण करें और हितग्राहियों से योजनाओं का फ ीडबैक लेते रहें।

कलेक्टर ने सी-मार्ट संचालन के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुनकुरी.बगीचा सहित अन्य विकास खंडों में सी.मार्ट के संचालन हेतु भवन तैयार किया जा रहा है। जल्द ही अन्य विकासखण्डों में सी.मार्ट का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।

कलेक्टर ने किसानों का केसीसी बनाकर योजना लाभ देने के लिए कहा गया है। रेशम विभाग के अधिकारियों को गौठानों में स्व सहायता समूह की महिलाओं को टसर धागाकरण कार्य से जोड़ने के निर्देश दिए हैं ताकि महिलाएं अन्य गतिविधियों में भी शामिल हो सकें। स्कूली बच्चों की जाति प्रमाण-पत्र प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी चिन्हांकित बच्चों का शतप्रतिशत जाति प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी स्वास्थ्य, उप स्वास्थ्य केद्रों के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत 6 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आयरन फोलिक एसिड का सीरप एवं 09 माह आयु वर्ग से लेकर पांच आयु वर्ष के सभी पात्र बच्चों को विटामिन-ए की खुराक देने की बात कही और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया व अन्य स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आयरन फोलिक एसिड की दवाओंए आयरन की गोलियों का वितरण करने के लिए कहा है।

# मासूम बच्ची कैंसर से पीड़ित, गरीबी बना इलाज में रोड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**मासूम बच्ची को जब इलाज के लिए पत्थलगांव हॉस्पिटल ले गए। तब पता चला कि बच्ची को कैंसर हुआ है।**



विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम चिड़ोडीह निवासी अजीत कुमार कुजूर की 4 वर्षीया बच्ची आकांक्षा कुजूर को तीन चार माह पहले मुंह के पास कुछ बीमारी दिखा। जिसे सामान्य बीमारी समझकर परिजन इलाज कराते रहे। लेकिन वह दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा था। तब परिजनों ने बच्ची को पत्थलगांव हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने कैंसर होने की बात कही। क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की नजर इस बच्ची पड़ नहीं पड़ी। जबकि गांव में मितानिन, एएनएम कार्यरत हैं। गरीबी के कारण परिजन बच्ची का इलाज कराने में असमर्थ हैं। इस बच्ची के बीमारी के बारे जोहार छत्तीसगढ़ के संपादक नारायण बाईन को पता चला तो उन्होंने तत्काल खण्ड चिकित्सा अधिकारी को इसकी जानकारी दी। तब बीएमओ ने चिरायु की टीम को बच्ची का इलाज कराने निर्देशित किया है। जिस पर चिरायु अब उस बच्ची को डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर में इलाज कराने तैयारी में जुट गई है।

# विशैले सांप के काटने से महिला की हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र में सर्पदंश से मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन क्षेत्र से सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिसमें से कई लोगों की जान चिकित्सक के प्रयास से बचाई जा रही है लेकिन कई मामलों में विभिन्न कारणों से पीड़ित असमय काल के गाल में समा रहे हैं। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के बोरो गांव में बीती रात सर्पदंश का एक मामला सामने आया है। जिसमें इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। रोधो राठिया पति मोहन राठिया बीती रात खाना खाकर जमीन में सोई थी। तभी रात्रि 10 बजे जहरीले सांप ने महिला को काट दिया। महिला ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। अधिक वर्षा एवं वाहन व्यवस्था करने में देरी होने से रात्रि 12 बजे सिविल अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

# सीएम भूपेश बघेल सिंघानिया परिवार द्वारा निर्मित राधा कृष्ण मंदिर का किया दर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

**छत्तीसगढ़ के मुखिया सीएम भूपेश बघेल ने लैलूंगा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के उपरांत सिंघानिया परिवार द्वारा निर्मित भगवान श्री राधा कृष्ण के दर्शन करने पहुंचे।**



उनके साथ लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक चक्रधर सिंह सिदार एवं उनके कार्यकर्ता सिंघानिया परिवार के साथ ही गांव के ग्रामीण और प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात के दौरान जगह-जगह के मंदिरों में मंथा टेंक कर प्रदेशवासियों की मंगलकामनाएं के लिए प्रार्थना की।

# अनियंत्रित ट्रक ने युवती को मारी टक्कर,युवती की मौके पर मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।





सारंगढ़ थाना अन्तर्गत आने वाले ग्राम कोतरी के पार एक ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 8444 ने एक नर्स को बेरहमी से कुचल दिया है। नर्स का नाम प्रियंका रात्रे पिता नारायण रात्रे ग्राम बासीन बहरा निवासी बताया जा रहा है। तथा वहीं आस-पास के गुस्साए ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया है। तथा वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है। की ट्रक तेज रफ्तार में था और युवती को अपने चपेट में ले लिया जिससे दुर्घटना घटित हुई हैं। फिलहाल ग्रामीणों की सूचना पर सारंगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाइस देने की प्रयास कर रही हैं।


# शिशु संरक्षण माह का हुआ जिला स्तरीय शुभारंभ


जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।


शिशु संरक्षण माह के जिला स्तरीय उद्घाटन समारोह का आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभाटा के प्रांगण में 13 सितम्बर को नगर निगम के महापौर जानकी काटजू द्वारा बच्चों को विटामिन ए और आयरन सिरप पिलाकर किया गया।




इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभाटा के चिकित्सा अधिकारी डॉ.कॉकोली पटनायक, जिला आर.एम.एन.सी.एच. सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा, ग्रामीण चिकित्सा सहायक चोलेश्वर सिंह पटेल, हलधर यादव, सुनील पटेल, कुलदीप साहू एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभाटा के समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है। अतः 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव करने वाली विटामिन की सिरप तथा 06 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आईएफए सिरप अवश्य पिलायें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी हितग्राहियों 9 माह से 5 वर्ष के बच्चे एवं गर्भवती माताओं को नौ जानलेवा बीमारियों तथा टेटनेस से बचाव हेतु टीके लगवायें। शिशु संरक्षण माह के दौरान मंगलवार और शुक्रवार को जिले के सभी ग्रामों में आयोजित टीकाकरण सत्रों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठायें।




# मुख्यमंत्री के आगमन पर प्रेस क्लब द्वारा प्रेस भवन के लिये करेंगे मांग

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।


संविधान के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों के लिए धरमजयगढ़ ब्लॉक में कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण अधिकांश प्रेसवार्ता स्थानीय विश्राम गृह में किया जाता रहा है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष नारायण बाईन ने बताया कि आगामी दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल धरमजयगढ़ विधानसभा के दौरे में उपस्थित रहने वाले हैं जिसमें समस्त पत्रकारगण मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे जिसके लिए कलेक्टर एवं एसडीएम से अलग से समय प्रदाय करने का अनुरोध किया जायेगा।

वर्तमान में मुख्यमंत्री ने रायगढ़ जिले में पत्रकारों का सम्मान करते भूमि व राशि प्रदान किया गया। जिससे पत्रकार जगत में आशा उत्पन्न हुई है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद से पत्रकारों की बहुत से मांगों को दरकिनार किया जाता रहा है। जिसके कारण प्रदेश सरकार के साथ हमेशा मनमुटाव स्थापित होता रहा है। वर्तमान सरकार ने पत्रकारों की समाज में भूमिका को



समझने का प्रयास किया है और इस दिशा में कार्य कर रही है। स्थानीय प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने एक स्वर में धरमजयगढ़ में पत्रकार भवन निर्माण की मांग पर सहमति जताई है व एक मीटिंग कर प्रस्ताव भी बना लिया है जिसके लिए मुख्यमंत्री से पत्रकार भवन के लिए भूमि स्थान शासकीय नियमावली प्रक्रिया के तहत मांग रखा जायेगा व सरकार से भवन निर्माण हेतु राशि प्रदाय करने का आग्रह होगा। पत्रकारों के लिए सुव्यवस्थित पत्रकार भवन निर्माण होने से सामाजिक विषयों को बुलंद करने में यह सहायक सिद्ध होगा। धरमजयगढ़, कापू, छाल जैसे आदिवासी सुदुर वनांचल की आवाज रायगढ़ पहुंचते पहुंचते दब जाती है। धरमजयगढ़ में पत्रकार भवन के माध्यम से व्यापक रूप में जिला प्रशासन तक बात पहुंचाई जा सकती है। समाज का दर्पण पत्रकार होते हैं जिन्हें हमेशा सुविधाओं के अभाव में कार्य करना पड़ता है। इस कारण सरकार की जिम्मेदारी बढ़ जाती की वह पत्रकारों के लिए भी चिंता करें, पत्रकार भवन निर्माण से धरमजयगढ़ के आसपास के क्षेत्रों की समुचित विषयों की जानकारी एक जगह से प्राप्त हो सकती है। आमजनों को अपने पक्ष रखने का स्थान मिलेगा इस कारण धरमजयगढ़ में पत्रकार भवन निर्माण की मांग वर्षों से किया जा रहा है।

जिसके लिए मुख्यमंत्री को गंभीरता से इस ओर ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है। प्रेस क्लब के वरिष्ठ संरक्षक विजय अग्रवाल,यूसुफ छाया, प्रेस क्लब के अध्यक्ष नारायण बाईन, सचिव विवेक कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष ऋषभ तिवारी, भरत साहू, उमा यादव, शेख आलम,असलम खान,गुरुचरण राजपुत ,पावेल अग्रवाल,सजल मधु आदि सभी सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री से भेंटवार्ता कर इस मांग को मंजूरी प्रदान करने का आग्रह किया जाएगा।






## हाथियों ने मक्का फसल को पहुंचाया नुकसान,देख के रो पड़ा किसान


जोहार छत्तीसगढ़.-धरमजयगढ़।




पिछले दो दशकों से धरमजयगढ़ क्षेत्र में हाथियों ने स्थाई डेरा जमा लिया है। हाथियों के कारण इस क्षेत्र में निवासरत लोगों को अनेक प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाथियों से जानमाल का डर बना हुआ है। वहीं फसल नुकसान का मामला तो आम हो गई है। बीती रात हाथियों के दल ने सागरपुर में मक्का फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। सागरपुर निवासी दयाल साना ने अपना दु:खड़ा सुनाते हुए कहा कि बीती रात हाथियों के झुंड ने उसके मक्का फसल को चौपट कर दिया है। जब वह सुबह अपने मक्का फसल को देखने गया तो देखकर आंखों से आंसू निकल आए। क्योंकि इतने खर्च कर फसल अब तैयार होने को आ गया है। लेकिन हाथियों द्वारा नुकसान पहुंचाने से उसकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ेगा। बता दें कि वन विभाग द्वारा मुआवजा तो दिया जाता है। लेकिन वह समय पर नहीं मिलता वहीं राशि भी बहुत कम होती है। जो ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत को चरितार्थ करती है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in